हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



## खबर संक्षेप

### मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता दिवस पर हुआ विशेष कार्यक्रम

**महासमुंद**। शांत्रीबाई कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम हुआ। एवं अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा सर्वेश दुबे चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद ने कहा कि मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद एवं आत्मविश्वास को बनाए रखने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। डा बबिता भगत योग चिकित्सक ने कहा कि योग मन की शांति व एकाग्रता के लिए आवश्क है। स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन व मस्तिष्क का निर्माण होता है। विद्यार्थियों के साथ-साथ मानव जीवन के लिए योग एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने कहा कि आज के दौर में मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है तथा नियमित योग, ध्यान और सकारात्मक सोच से मनोबल को मजबूत बनाया जा सकता है। विद्यार्थियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी, निबंध एवं विचार-विमर्श सत्र में भाग लिया। आभार प्रदर्शन बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर एवं मंच संचालन बीएड तृतीय सेमेस्टर छात्राध्यापक कुंभज चंद्राकर व जागृति पांडे ने किया।

**खोज यात्रा:** छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा राज्यों के वनों में किया जा रहा खोज यात्रा, इसमें 100 लोग शामिल

# देवपुर घाटी में खोज यात्रा, 10 किलोमीटर की ट्रेकिंग कर एकत्र किए गए 200 औषधीय पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

देवपुर के जंगलों में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा एवं वन विभाग जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के संयुक्त तत्वावधान में जल जंगल यात्रा औषधीय पौधों की खोज यात्रा का आयोजन वन मंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर के मार्गदर्शन में 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक की गई। विगत 22 वर्षों से औषधीय पौधों की खोज यात्रा छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा राज्यों के वनों में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्थानीय वैद्यों, टैक्सोनोमिस्ट, भू-गर्भ विज्ञानी, वनस्पति विज्ञानी, जन्तु विज्ञानी आयुर्वेद चिकित्सालयों के विद्यार्थियों, सामान्यजन को साथ लेकर औषधीय पौधों की खोज यात्रा की जाती रही है।

इस वर्ष यह यात्रा जिला बलौदा बाजार-भाटापारा के वन क्षेत्र देवपुर की घाटी में जल जंगल यात्रा के नाम से की गई। इसमें स्थानीय वन विभाग के सहयोग से देवपुर के लगभग 10 किलोमीटर की यात्रा की गई। जिसमें लगभग 200 औषधीय पौधे खोजे एवं एकत्रित किए गए। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 100 से अधिक खोज यात्री शामिल हुए। इस खोज का नेतृत्व प्रसिद्ध वनस्थति टैक्सोनॉमिस्ट प्रो. एमएल नायक ने किया। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, कोरबा, रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बालौदाबाजार-भाटापारा, महासमुंद तथा अन्य जिलों से प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इस यात्रा कार्यक्रम के अनुसार संपूर्ण छत्तीसगढ़ के खोजी 10 तारीख को शायं 04 बजे तक वन प्रशिक्षण केंद्र देवपुर में एकत्रित हुए, अगले दिन सुबह 8 बजे देवपुर की घाटी में अलग-अलग 03 दलों में विभक्त होकर पौधों को एकत्रित करने के लिए जंगल में निकले एवं दोपहर 02 बजे तक सभी वापस बेस कैंप वापस आ गए। सायं 05 बजे से एक सामान्य परिचर्चा कर उन पौधों के स्थानीय नाम के साथ वानस्पतिक नाम सह उनके रहवास, औषधीय गुणों, उनके संरक्षण पर चर्चा की गई। इसमे वनस्पति विज्ञान के छात्राएं आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय बिलासपुर के छात्र-छाएं तथा अन्य जन औषधि पौधों में रुचि रखने वाले सम्मिलित हुए।






इस खोज यात्रा में जहां सामान औषधीय पौधे जैसे सफेद मुसली, काली मुसली, सतावर, अनंतमूल, सारिवा, भूनिम्ह, केवटी की खोज की गई। वहीं यात्रा के दौरान जीवक निर्मलीभगत कंपिक जैसे दुर्लभऔषधि पौधे भी एकत्रित किए गए, जिनके बारे में विस्तृत जानकारी स्थानीय वैद्यो एवं टेक्सोनामिस्ट प्रो. एम. एस. नायक के द्वारा प्रदाय की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर एमएन नायक ने कहा कि हमें दुर्लभतम कई सारे औषधियों के संरक्षण की आवश्यकता है, उनके लिए विद्यार्थियों शोधार्थियों तथा प्रशासन को प्रयास करने होंगे। जिनमें उन्होंने बीज रहित लैंड का जो कोंडागांव में है का भी जिक्र किया, जिसके एक या दो पेड़ ही बचे हैं। अतः इनके संरक्षण की अधिक आवशकता है। इसके अतिरिक शोधार्थियों ने आयुर्वेदिक औषधियों के विपद्धन तथा स्थानीय लोगों द्वारा उनको एकत्रित कर जैव विविधता समितियों के माधाम से बेचकर होने वाले फायदे के बारे में बताया। इसके व्यापार को संगठित कर तथा भारत को विश्व मंच पर स्थापित करने के लिए विद्यार्थीयों को आह्वान किया। इस पर शोध तथा व्यवसायिक सोच की आवश्यकता पर जोर दिया गया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने समस्त प्रतिभागिओं को हर वर्ष की भांति शामिल होने के लिए उत्साहवर्धन किया तथा औषधि पौधों की संरक्षण संवर्धन व खोज पर विशेष ध्यान देने की बात कही और औषधीय पौधों की खोज यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह यात्रा विगत 30 वर्षों से अनवरत चल रही है तथा निश्चित रूप से विभिन्न क्षेत्रों में अनेक उपलब्धियां हासिल किए हैं। औषधि पौधों की खोज यात्रा के संस्मरणों को एक किताब का आकार देने के लिए सभी प्रतिभागिओं से निवेदन किया। कार्यक्रम में कोरबा मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ केके सहारे ने सीपीआर के माध्यम से लोगों की बहुमूल्य जान कैसे बचाई जा सकती है इस पर चर्चा की। छग विज्ञान सभा के सचिव डॉ. वाईके सोना ने विज्ञान सभा की सदस्यता लेकर विभिन्न जिलों में इकाई गठन करने हेतु आग्रह किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विषय विशेज्ञ के रूप में डॉ स्नेह लता हुमने, हेमंत खुटे, रतन गोंडाने, आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज बिलासपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ विवेक दुबे, डॉ सीमा दुबे, दिनेश कुमार कोरबा, जन्तु विज्ञानी वेद व्रत उपाध्याय, प्रो निधि सिंह, डॉ एचएन टंडन, वनस्पति विज्ञानी डॉ गुलाब साहू, डॉ सर्वेश पटेल के साथ ही वैद्य अर्जुन श्रीवास, महेंद्र सैनी, लीला प्रसाद अगरिया, देवनारायण मांझी विशेषज्ञ के रूप में सम्मिलित हुए। हेमंत खुटे ने बताया कि वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के बैनर तले हमने प्रकृति शिविर तथा वर्ष 2012 में भी ओषधीय पौधों की खोज यात्रा देवपुर के घने जंगलों में कर चुके हैं। एक दशक के लंबे अंतराल बाद हमें इस शिविर की मेजबानी का मौका मिला। कार्यक्रम में बलौदा बाजार वन मंडल के वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर, रेंज ऑफिसर संतोष पैकरा, चंद्रहास ठाकुर, वन रक्षक अजीत ध्रुव, भोजन व्यवस्था प्रभारी कलीम खान, परशुराम वीसी, उर्मिला ध्रुव व केयर टेकर पुष्पा चौहान का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन समारोह में सभी 105 प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किए गए।

# पिथौरा में रैपिड शतरंज स्पर्धा का आयोजन 27 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

जीएच रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन व कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन की संयुक्त पहल व छग प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ महासमुंद द्वारा जीएच रायसोनी मेमोरियल में एक दिवसीय रेपिड शतरंज स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिला शतरंज संघ महासमुंद के सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक हेमंत खुटे ने बताया कि महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ में शतरंज खेल को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को एक प्लेटफॉर्म देने के उद्देश्य से यह आयोजन कराया जा रहा है। ताकि, खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर शतरंज के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। जीएच रायसोनी व कल्पना प्रकाश फाउंडेशन के मंशानुरूप जिला शतरंज संघ महासमुंद द्वारा पहल करते हुए 27 अक्टूबर को पिथौरा में एक दिवसीय रैपिड शतरंज स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिला में इस तरह की यह पहली स्पर्धा है। इससे पहले जिला में क्लासिकल फॉर्मेट पर प्रतियोगिताएं होती रही है। इस स्पर्धा में तीस हज़ार रुपये की नगद राशि बतौर स्पर्धा के टॉप 10 खिलाड़ियों को प्रदाय किये जाएंगे। इनामों में पहला 9100 व ट्राफी, दूसरा 7100 व ट्राफी, तीसरा 5100 व ट्राफी, चौथा 3100 व मोमेंटो, पांचवा 1100 व मोमेंटो, छठवां से दसवां स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 500-500 रुपए व मेडल। इसी तरह से अन्य आकर्षक पुरस्कार के तहत बेस्ट वेटरन हेतु 500 व ट्राफी, बेस्ट फीमेल 1000 व ट्राफी, यंगेस्ट प्लेगर 500 व ट्राफी। विविध आयु समूहों के तहत अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 में प्रथम व दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इस रैपिड टूर्नामेंट में केवल महासमुंद जिला के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए 300 प्रवेश शुल्क रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर शाम 5 बजे तक निर्धारित है। इसके पश्चात 250 विलंब शुल्क के साथ 26 तारीख शाम 5 बजे तक खिलाड़ी एंट्री ले सकते है।

# छात्रों को कानूनी अधिकारों की दी गई जानकारी

## गड़बेड़ा हायर सेकेंडरी विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शासकीय शहीद प्रमोद कुमार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़बेड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में सौरभ बारा न्यायाधीश पिथौरा, अधिवक्ता नरेश्वर सैलानी ने विधिक साक्षरता शिविर के बारे में जानकारी दी गई। इसमें न्यायधीश सौरभ बारा ने बताया कि गरीब व आमजन को निःशुल्क न्याय व विधिक परामर्श दिलाए जाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। निःशुल्क विधिक सेवा अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने एवं उन्हें विधिक दृष्टि से जागरूक बनाने के लिए इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते हैं और लोगों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 15100 पर फोन करके भी विधिक परामर्श लिया जा सकता है।



न्यायाधीश ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया कि अपराध क्या होते हैं, विधि जागरूक व्यक्ति की मदद करती है एवं यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने बिना लाइसेंस व हेलमेट वाहन नहीं चलाने की सीख बच्चों को दी।

उन्होंने कहा कि सोशल नेटवर्किंग साइड जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक पर आपत्तिजनक व जातिवाचक पोस्ट शेयर न करें। न्यायधीश ने बच्चों को स्वच्छता का महत्व भी समझाया और विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। अधिवक्ता नरेश्वर सैलानी ने भी बच्चों को मतदान का महत्व समझाते हुए बच्चों से कहा कि अपने माता-पिता एवं परिवारजनों को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम को विद्यालय समिति से प्रीतम साहू, गौरव चंद्राकर, सरपंच वृंदाबाई नायक ने भी सभी को संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य नंदकुमार चौधरी ने आभार माना। इस अवसर पर पुलिस विभाग से चूड़ामणि भोई, अधिकार मित्र जितेंद्र पटेल, प्रबंध समिति के पदाधिकारी सदस्य गण विद्यालय के समस्त स्टाफ गन उपस्थित थे।

# अब गरीबों का 15473 राशन कार्ड काट रही भाजपा सरकार: अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ अंकित ने कहा : जिन लोगों राशन कार्ड कर रहा है, वे सामान्य राशन कार्ड बना लें

महासमुंद जिले अंतर्गत खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत भाजपा सरकार ने आते ही लगभग 15473 प्राथमिक राशन कार्ड महासमुंद जिला में काट रही है। पहले 15 वर्षीय भाजपा सरकार में भी चुनाव के पहले राशनकार्ड बनवाए गए और चुनाव के बाद काटे गए, अंकित ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से गरीब विरोधी सरकार रही है और वो कभी नहीं चाहती की गांव गरीब किसान मजदूर का भला हो। अंकित ने बताया कि पंचायतों में अभी तक न मूलभूत की राशि आई है न ही पंद्रहवें वित की राशि आया पंचायतों में विकास कार्यों के लिए कोई फंड नहीं मिल रहा है। भारी बारिश के कारण ग्राम को खराब हुई गालियां भी ग्रामवासी बहुत परेशान है। दूसरा किसानों का शामिलात खातों का एग्रीटेक पंजीयन नहीं हो रहा है, वन भूमि पट्टा का रिकॉर्ड ऑनलाइन नहीं होने के कारण एग्रीटेक पंजीयन नहीं हो रहा है। जिसके कारण किसान धान नहीं बेच पाएंगे। रबी फसल में ओला वृष्टि से फसल नुकसान हुआ है, जिसकी क्षतिपूर्ति किसानों को अभी तक नहीं मिली है। अंकित ने बताया कि कांग्रेस की सरकार में संपूर्ण छत्तीसगढ़ियों का विकास की सोच थी।



अभी शिक्षा का बुरा हाल है। शराब की दुकानें खुल रही है, खाद नहीं मिल रही, 266 का यूरिया 1000 में मिल रहा है, बिजली बिल मनमाने बढ़ रहा है, गांव गांव में नशे के मामले बढ़ रहे हैं, अपराध बढ़ रहा है। भाजपा की साय सरकार ने सर्व वर्ग को नुकसान पहुंचाया है। और पहले रमन सिंह सरकार में और अब भाजपा की साय सरकार में गरीबों के राशन कार्ड को काटा जा रहा है। अंकित ने बताया कि भूपेश बघेल की सरकार में जिसका राशन कार्ड नहीं था, ऐसे लोगों को सामान्य 10 रुपए वाला राशन कार्ड बनवाया गया, जिसकी संख्या भी 10 लाख थी। अंकित ने अपील की कि जिन लोगों का राशन कार्ड कट रहा है वो निराश न हों और सामान्य राशन कार्ड बनवा लें।

# महाविद्यालय में हुई आइक्यूएसी समिति की प्रथम सामान्य बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आइक्यूएसी समिति के प्रथम सामान्य बैठक हुई। यह बैठक प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे की अध्यक्षता एवं आईक्यूएसी डॉ. मालती तिवारी के समन्वय से हुई।

बैठक में आइक्यूएसी समिति के एक्सटर्नल मेंबर्स महेश मक्कड़ सदस्य जनभागीदारी समिति, पारस चोपड़ा प्रसिद्ध उद्योगपति, प्रमिला ध्रुव सरपंच ग्राम मचेवा, शशि कुमार सोनी छात्र पालक प्रतिनिधि, उदयन भारती सदस्य एलुमनी समिति एवं प्रीति मांझी, अंजलि अग्रवाल स्टूडेंट प्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही आईक्यूएसी के इंटरनल मेंबर्स एसआर रात्रे लाइब्रेरियन, डॉ रीता पांडे विभाग अध्यक्ष इतिहास, डॉ नीलम अग्रवाल विभाग अध्यक्ष इकोनॉमिक्स, मनीराम धीवर विभाग अध्यक्ष फिजिक्स, अजय कुमार राजा विभाग अध्यक्ष वाणिज्य एवं डॉ अजय कुमार देवांगन विभाग अध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं कुंदन देवांगन आईक्यूएसी समिति सदस्य बैठक में उपस्थित रहे।



आइक्यूएसी डॉ मालती तिवारी द्वारा स्वागत भाषण एवं बैठक के एजेंडा पर चर्चा की शुरुआत की। आशुतोष पुरी गोस्वामी ने बैठक में एक्सटर्नल मेंबर्स को महाविद्यालय द्वारा पूर्व में प्राप्त किए गए नेक ग्रेडिंग की जानकारी देते हुए नेक फ्रेमवर्क में हुए महत्वपूर्ण बदलाव के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में तय किया गया कि अगले असेसमेंट में महाविद्यालय मैच्योरिटी बेस्ड ग्रेडिंग एक्रीडिटेशन पद्धति से एसेसमेंट के लिए प्रयास करेगा। नेक प्रभारी डॉ नीलम अग्रवाल ने नेक में हुए संशोधन एवं दस एंट्रीब्यूट्स के बारे में सभी मेंबर्स को विस्तार से जानकारी दी। तय एजेंडा अनुसार बैठक में महाविद्यालय द्वारा अपनाए जाने वाले बेस्ट प्रैक्टिस तय किए गए। जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। यह भी तय किया गया की विद्यार्थियों में कौशल विकास एवं उन्नयन हेतु उद्योगों के भ्रमण एवं ग्रामीण कुटीर उद्योग की ओर कार्य किए जाने चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। यह भी निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय के सभी गतिविधियों को महाविद्यालय के वेबसाइट एवं अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जाए। महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए शोध लेखन प्रशिक्षण एवं विभिन्न विभागों द्वारा वैल्यू एडिशन कोर्स कराए जाने पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के सहायक अध्यापक सरस्वती सेठ ने किया।



# छात्राओं को साइबर ठगी से बचने दी गई जानकारी

**महासमुंद**। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को साइबर ठगी से बचने के संबंध में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक के असिस्टेंट मैनेजर एस के अजहर, अनूप बिस्वास तथा सुशांत कुमार द्वारा प्रार्थना सभा में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अधिकांश व्यक्ति आनलाइन बैंकिंग का कार्य करते हैं। इसी बात का फायदा उठाकर अपराधी अक्सर लोगों से ठगी कर जाते हैं और भोलेभाले लोग उनके जाल में फंस जाते हैं। इसलिए आनलाइन बैंकिंग का कार्य करते समय पर्याप्त सावधानी बरतनी चाहिए। किसी अनजान लिंक को टच करना, किसी को ओटीपी आदि बताना जोखिम भरा काम होता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी ने कहा कि आमतौर पर लोग लालच में आकर ऐसे जालसाजों की बातों में आ जाते हैं और अपनी गाढ़ी मेहनत की कमाई गंवा देते हैं, इसलिए किसी प्रलोभन में नहीं फंसना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में व्याख्याता आशीष देवांगन द्वारा बैंक अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर संजय मांझी, देवेंद्र कुमार शर्मा, खोमन चंद्राकर, तुलसी राम साहू, चंद्रशेखर मिथलेश, कीर्तन साहू, दुर्गेश नंदिनी यदु, बेला मारू, प्रज्ञा लांजेवार, भारती यादव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान तथा सदस्यगण अर्चना शुक्ला, नीलम दीवान, रितेश गोलछा, अनुज पांडेय, आनंद गिरि, हरवंश सिंह ढिल्लो, महेश मक्कड़, सुनीता देवांगन, सीता डोंडेकर ने इस आयोजन की प्रशंसा की।

**न्यायालय तहसीलदार महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.मा.क्र अ-6 अ वर्ष 2025-26
ग्राम महासमुद प.ह.नं.-42
तहसील व जिला महासमुन्द

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका के कुसुमा पति के. बाबूराव जाति राउत निवासी महासमुंद के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42 रा.नि.म. तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 616/85, 725/230, 617/2-3. 624/12 का भाग रकबा 1500 वर्गफुट परिवर्तित भूमि है। जो राजस्व रिकार्ड में आवेदिका के नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भूमि आवेदिका की खरीदी हक की भूमि है, जिसे आवेदिका ने पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया है। विधिवत नामांतरण होने के पश्चात उक्त भूमि आवेदिका के नाम से दर्ज हुआ है। परन्तु भूमि आनलाईन रिकार्ड में दर्ज नहीं होने के कारण आवेदिका को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदिका की भूमि स्वामी हक की खरीदी हक की भूमि खसरा नंबर 618/85, 725/230, 617/2-3, 624/12 का भाग रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को आनलाईन रिकार्ड में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त संबंध में किसी को कोई दावा, आपत्ति हो तो वह दिनांक 30-10-25 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनाक 13-10-25 को मेरे हस्ताकर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार महासमुंद (छ.ग.)







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

# दिवाली की चमक फीकी: सराफा बाजार में पार्किंग की बड़ी समस्या

## करोड़ों का कारोबार प्रभावित, शहर में पार्किंग व्यवस्था का है बुराहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दीपावली और धनतेरस के महापर्व पर नगर के सराफा बाजार में करोड़ों का कारोबार होता है। सोने-चांदी के आभूषणों और सिक्कों की खरीदारी अपने चरम पर है, लेकिन बाजार की अव्यवस्थाएं जस की तस बनी हुई हैं। सबसे विकराल समस्या पार्किंग की है, जिसके कारण ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और त्यौहार की रौनक फीकी पड़ रही है।

प्रशासन की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने से शहर के इस मुख्य व्यापारिक केंद्र में शाम होते ही भीषण जाम लगना आम बात हो गई है। जहां एक ओर दीपावली और धनतेरस पर सराफा बाजार में करोड़ों का कारोबार होने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर पार्किंग और यातायात की इस अव्यवस्था ने इस कारोबार पर ग्रहण लगा दिया है। कई ग्राहक जाम और भीड़ के डर से बाजार आने से कतरा रहे हैं, जिसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है। एक तरफ त्यौहार की चमक है और दूसरी तरफ बुनियादी व्यवस्थाओं के अभाव में नागरिकों की बढ़ती मुश्किलें।

सराफा बाजार में खरीदारी करने के लिए दूर-दराज से भी ग्राहक पहुंचते हैं। चूंकि बाजार में वाहन खड़े करने के लिए कोई निर्धारित या वैकल्पिक पार्किंग स्थल नहीं है, इसलिए ग्राहकों को मजबूरन अपने वाहन सड़क किनारे ही खड़े करने पड़ रहे हैं। यह स्थिति यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से चरमरा रही है। बाजार की संकरी गलियों और मुख्य मार्ग पर वाहनों की बेतरतीब भीड़ के कारण पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

### प्रशासनिक सुस्ती से बढ़ी दुर्घटना की आशंका

सराफा बाजार में अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क पर फैले सामान के कारण बार-बार ट्रैफिक बाधित हो रहा है। त्यौहारों के चरम पर इस तरह की लापरवाही गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका पैदा कर रही है। भीड़भाड़ वाले इलाके में अगर किसी भी प्रकार की आपात स्थिति आती है तो बचाव दल का पहुंचना भी मुश्किल हो सकता है।




### दुकानदारों की मनमानी, सड़क पर अतिक्रमण

पार्किंग की समस्या के साथ-साथ दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण भी परेशानी का बड़ा कारण है। दिवाली की खरीददारी के बीच सराफा बाजार के कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों का सामान सड़क में बाहर तक सजा दिया है। इससे पहले से ही संकरे रास्ते और सिकुड़ गए हैं। इस अतिक्रमण के कारण ग्राहकों की भीड़ और वाहनों की बेतरतीब पार्किंग मिलकर ऐसी स्थिति पैदा कर रहे हैं कि बाजार में भारी अव्यवस्था बढ़ गई है।

**गुहार : जिले के ग्राम लभराकला के पांच दर्जन से अधिक किसान पहुंचे तहसील दफ्तर**

# गिरदावरी में त्रुटि से बढ़ी किसानों की चिंता, तहसील दफ्तर पहुंचे किसान, आश्वासन के बाद ही लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन ने भले ही 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि निर्धारित कर दी हो, लेकिन जिले के ग्राम लभराकला के पांच दर्जन से अधिक किसानों के लिए यह तिथि अब चिंता का सबब बनती जा रही है। इसका मुख्य कारण है डिजिटल गिरदावरी रिपोर्ट में उनके नाम, खसरा नंबर और धान के नए रकबे का शामिल न होना। किसानों को यह डर सता रहा है कि गिरदावरी में हुई इस बड़ी त्रुटि के कारण सोसाइटी में धान खरीदी के लिए उनका नाम और खसरा नंबर सिस्टम में शो नहीं होगा, जिसके परिणामस्वरूप वे समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचने से वंचित रह जाएंगे। धान बेचने से वंचित होने के संभावित खतरे को देखते हुए, लामबंद हुए किसानों ने बुधवार तहसील कार्यालय का घेराव किया और तहसीलदार से गिरदावरी रिपोर्ट में तत्काल त्रुटि सुधार की मांग की। किसानों का कहना है कि धान खरीदी की तिथि नजदीक आ रही है, और यदि समय रहते यह समस्या दूर नहीं हुई तो उनकी साल भर की मेहनत बर्बाद हो सकती है। तहसीलदार जुगुल किशोर पटेल ने किसानों को आश्वस्त किया कि जैसे ही डिजिटल गिरदावरी का सारा डेटा भुईयां पोर्टल पर पूरी तरह से अपलोड हो जाएगा, सभी पात्र किसानों के नाम, खसरा नंबर और नया रकबा सोसाइटी के सिस्टम में स्वतः ही दिखने लगेगा। उन्होंने किसानों से धैर्य रखने और शासन की तकनीकी प्रक्रिया पर भरोसा रखने की अपील की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तकनीकी कारणों से डेटा अपलोडिंग में कुछ समय लग रहा है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि धान खरीदी शुरू होने से पहले सभी किसानों की जानकारी अपडेट हो जाए।



### तहसीलदार का आश्वासन: जल्द अपलोड होगी

किसानों की शिकायत और उनकी चिंताओं को सुनने के बाद तहसीलदार जुगुल किशोर पटेल ने इस पूरे मामले पर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एग्रीस्टैक पोर्टल के लिए पूरे राज्य में डिजिटल गिरदावरी सर्वे कराया गया है। यह डिजिटल गिरदावरी रिपोर्ट राजस्व विभाग के भुईयां पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया में है।

### दावा-आपत्ति के लिए मिला कम समय

ग्राम प्रमुख हुलास गिरी गोस्वामी एवं किसान रुपेश ध्रुव और राम गोपाल सिन्हा ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि सरकार ने हाल ही में नया डिजिटल गिरदावरी सर्वे कराया है। इस सर्वे के बाद, 13 अक्टूबर को उनके पंचायत में सर्वे की सूची चस्पा की गई और मात्र दो दिनों के भीतर दावा-आपत्ति दर्ज कराने का समय दिया गया। किसानों का आरोप है कि इतने कम समय में सभी त्रुटियों की पहचान करना और आपत्ति दर्ज कराना संभव नहीं था। उन्होंने बताया कि जो सूची चस्पा की गई है, उसमें बड़ी संख्या में किसानों के नाम और खसरा नंबर ही गायब हैं या फिर गलत दर्ज हैं।

### डिजिटल गिरदावरी और किसानों की चुनौतियां

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन ने धान खरीदी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने, वास्तविक किसानों की पहचान करने और अवैध धान की बिक्री पर रोक लगाने के लिए इस वर्ष डिजिटल गिरदावरी और एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से ई-केवाईसी को अनिवार्य किया है। इस डिजिटल व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल उन्हीं किसानों से धान खरीदा जाए, जिनका नाम और रकबा सरकारी रिकॉर्ड भुईयां पोर्टल में दर्ज हो घटनाओं से स्पष्ट है कि नई तकनीकी प्रणाली को जमीनी स्तर पर लागू करने में शुरुआती चुनौतियां आ रही हैं।

## खबर संक्षेप

### बीएसएनएल के मोबाइल टावर की बैटरी चोरी

**महासमुंद।** बीएसएनएल मोबाइल टावर भंवरपुर की बैटरी चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी हेमेंद्र दीवान ने बताया कि बीएसएनएल टावर भंवरपुर के शेल्टर रूम में रखे एक्साईड कंपनी के 24 नग 600-एएच नए बैटरी कीमती करीब 60,000 रुपए दिनांक 01/08/2025 से 14/10/2025 के बीच कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305, 331(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।



### बहू से विवाद, ससुर के खिलाफ रिपोर्ट

**महासमुंद।** ग्राम ताला की एक महिला के साथ उसके ससुर ने घरेलू बात को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। प्रार्थिया सोनिया चौहान ने बताया कि 11 दिसंबर की शाम करीबन 07 बजे वह घर में थी, उसी समय उसके ससुर रोहित चौहान ने घरेलू बात को लेकर वाद विवाद करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### एक्सीडेंट में आदिवासी हॉस्टल का छात्र घायल

**महासमुंद।** स्कूल से छुट्टी होने के बाद साइकिल से हॉस्टल वापस रहा छात्र पिकअप वाहन की टक्कर से घायल हो गया। छात्रावास अधीक्षक की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 14 अक्टूबर को प्री मैट्रिक आदिवासी बालक हॉस्टल बागबाहरा का छात्र जागेंद्र कुमार दीवान स्कूल से छुट्टी होने बाद अपने दोस्तों के साथ साइकिल से वापस छात्रावास आ रहा था। दोपहर लगभग 03.30 बजे एनएच 353 रोड रेस्ट हाउस के पास पहुंचा था, तभी पीछे से आ रही एक सफेद कलर की पिकअप के चालक अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए जागेंद्र कुमार दीवान को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर भाग गया है। इससे छात्र के दांए पैर, सिर, हाथ, कमर एवं अन्य जगहों पर चोटें आईं। इलाज हेतु शासकीय अस्पताल बागबाहरा लाया गया, जहां से रेफर करने के बाद महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना को लेकर छात्रावास अधीक्षक मिथिलेश कुमार चंद्राकर पिता यशवंत कुमार चंद्राकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।



## खबर संक्षेप



### केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष बने कमलेश ध्रुव

**महासमुंद।** केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ मुख्यालय सिविल लाइन दुर्ग के अध्यक्ष पद पर कमलेश ध्रुव निर्वाचित हुए हैं। पूरे प्रदेश में निर्वाचन को लेकर मतदान हुआ। जिसमें कमलेश ध्रुव को सबसे अधिक वोट मिले। जिसके आधार पर निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें विजय घोषित किया।



### छग पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई बैठक

**बसना।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना की मासिक बैठक बुधवार को हुई। जिसमें भारी संख्या में पेंशनर उपस्थित हुए। नये सदस्य सुग्रीव भोई, मोहन लाल मांझी एवं मंत्रीलाल कोसरिया का श्रीफल एवं अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। एलएन पांडे, केके साहू, जब्बार कुरैशी, असक्षित नाग एवं रवि लाल पटेल का जन्मदिन मनाया गया। एसबीअई शाखा बसना के प्रबंधक द्वारा जीवन प्रमाण पत्र एवं अन्य बैंक के बारे में पेंशनरों को अवगत कराया गया। अंत में दिवंगत लालबिहारी कर एवं सुंदर सिंह वरिहा को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक का संचालन प्रांतीय प्रचार सचिव आरवी प्रधान के किया।

### सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट का बेलसोंडा में हुए अनेक आयोजन

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट के बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम बेलसोंडा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, साक्षरता अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, विश्व हृदय दिवस एवं विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने जनजागरूकता रैली, नाटक एवं पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने विद्यार्थियों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। यह कार्यक्रम सूर्या नर्सिंग इंस्टिट्यूट कि उप प्राचार्या प्रोफेसर शुभ्रा पैट्रिक के नेतृत्व में किया गया।

### शहीद स्मारक की स्थापना के पांच साल हुए पूर्ण

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक के निर्माण के पांच साल पूर्ण हो गए। शहीद स्मारक की स्थापना 26 जुलाई 2021 में हुई थी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर शहीद स्मारक खरोरा की स्थापना हुई थी। शहीद स्मारक के नाम पूर्व सैनिक संगठन के सहयोग से अमर वीर शहीदों के नाम पर बनवाया गया है।

# सितली नाला को पुनर्जीवित करने की योजना, स्वाध्याय केंद्र समिति ने शुरू किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के महत्वपूर्ण सितली नाला को उसकी पुरानी पहचान लौटाने के उद्देश्य से स्वाध्याय केंद्र समिति ने एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम शुरू कर दिया है। समिति द्वारा नाले की सफाई और सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 1 करोड़ रुपए की प्रारंभिक योजना बनाई जा रही है।

सितली नाला वर्तमान में अपना अस्तित्व खो चुका है। गंदगी, झाड़ियों, कांटेदार पेड़ों, मिट्टी, कचरा और पुराने पुल के मलबे से यह पूरी तरह पट गया है। वर्षों पहले जहां लोग इसमें नहाते थे और निस्तारी का काम करते थे, वह अब नाले के अत्यधिक पटाव के कारण बंद हो चुका है। इस समस्या को देखते हुए स्वाध्याय केंद्र समिति ने नाले को साफ करके एक नया स्वरूप देने का प्रयास शुरू किया है। योजना के तहत नेशनल हाईवे 353 के पुल से लेकर (राजा मठ) श्मशान घाट तक सितली नाला की सफाई की जाएगी और पचरी का निर्माण किया जाएगा। कार्य को पूरा करने के लिए व्यापक सहयोग जुटाने पर विचार किया गया। स्वाध्याय केंद्र समिति जनसहयोग के साथ-साथ नगर



पालिका, शासन, विधायक और सांसद से सहयोग लेने की योजना बना रही है। इसके अलावा, महासमुंद में पले-बढ़े और वर्तमान में बड़े महानगरों में कार्यरत लोगों तथा सीएसआर मद से भी मदद ली जाएगी। इसी पहल के अंतर्गत स्वाध्याय केंद्र समिति के सदस्यों ने 15 अक्टूबर बुधवार को श्मशान घाट से लेकर पुल तक पूरे सितली नाला का निरीक्षण किया और कार्य की संभावनाओं पर विचार किया।

निरीक्षण के बाद इंजीनियर बीआर साहू को इस परियोजना की प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रारंभिक चर्चाएँ और बैठकें पूरी हो चुकी हैं, और समिति शीघ्र ही नगर के समाज सेवी लोगों की एक बैठक स्वाध्याय केंद्र में आयोजित करेगी, जिसमें आगे की विस्तृत योजना पर काम किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वाध्याय केंद्र समिति के भूपेंद्र राठौर, महेश चंद्राकर, चंद्रशेखर साहू, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, इंजीनियर बीआर साहू, जितेंद्र साहू, मोहन साहू, विक्की गुरुदत्ता, गोवर्धन प्रधान, लक्ष्मीकांत यदु, अभिषेक पांडे, सुरेंद्र ठेठवार सहित अन्य शामिल थे। समिति का प्रयास है कि नाले को पुनर्जीवित करने का यह कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाए।

**स्वीकृति:** बसना विधायक ने गडकरी, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का जताया आभार

# विधायक बोले: 6.50 किमी लंबे इस मार्ग से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी होगी बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विधानसभा क्षेत्र के विकास

- **महासमुंद-सल्डीह-बहादुरपुर मार्ग के लिए 14.30 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने किया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त**
- **बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के प्रयासों से महासमुंद-सल्डीह-बहादुरपुर मार्ग के लिए 14.30 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति**

और अधोसंरचना निर्माण को गति देने के लिए लगातार सक्रिय बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के प्रयासों से क्षेत्रवासियों को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। छत्तीसगढ़ शासन ने महासमुंद जिले के अत्यंत महत्वपूर्ण सल्डीह-बहादुरपुर मार्ग के निर्माण के लिए 1430.50 लाख रुपए (चौदह करोड़ तीस लाख पचास हजार रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी है।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग मंत्रालय द्वारा यह स्वीकृति जिला महासमुंद के



सल्डीह-बहादुरपुर मार्ग (मुख्य जिला मार्ग क्र मांक 340) के लिए जारी की गई है। इस परियोजना को वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल किया गया था। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि यह सड़क परियोजना महासमुंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने और मूलभूत न्यूनतम सेवा की पूर्ति के उद्देश्य से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इस 6.50 किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

इस महत्वपूर्ण प्रशासनिक स्वीकृति पर विधायक डॉ. अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस स्वीकृति को बसना विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास को अपनी प्राथमिकता मानती है। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के विजन को दोहराया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार बनने के बाद से बसना विधानसभा में लगातार विकास कार्यों की सौगात जनता को मिली है, जिनमें से कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कुछ प्रगति पर हैं। उनकी सरकार न केवल बड़े प्रोजेक्ट्स पर, बल्कि स्थानीय जरूरतों को समझकर जनता की छोटी-छोटी समस्याओं को भी प्राथमिकता दे रही है।

## बायोस्टड लिमिटेड ने बिरकोनी के मेधावी बच्चों का किया सम्मान



**महासमुंद।** बायोस्टड लिमिटेड कंपनी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी के कक्षा दसवीं में अध्ययनरत 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को 2500 नगद एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बायोस्टड लिमिटेड से रीजनल मैनेजर क्रांति तिवारी, मार्केटिंग मैनेजर सूरज सिंह, फील्ड ऑफिसर छैल चौहान, दिग्विजय चंद्राकर, बिरकोनी उपसरपंच गिरीश चंद्राकर, प्रभारी प्राचार्य निर्मला कुजूर, पालक गण एवं गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता कन्हैया लाल साहू, करुणा चंद्राकर, सीआर अग्रवाल, लता राजन, रॉगिनी चंद्राकर, टामेश्वरी साहू, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, राम प्रसाद मोहंती, तारामती साहू, मनहरण लाल भट्ट, निधि गुप्ता, वेदराम रात्रे, सुरेश कुमार गुप्ता, रेणुका चंद्राकर, सौरभ साहू, भानेंद्र बिसेन, साधना रानी एवं बच्चे उपस्थित थे।

## जन्मदिवस पर विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मुलाकात



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा के नेतृत्व में उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएँ दीं। डॉ. चोपड़ा सहित प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने डॉ. रमन सिंह के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

# उपभोक्ता जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला

- **ई-हियरिंग की सुविधा की दी गई जानकारी**

उपभोक्ता आयोग महासमुंद द्वारा आम उपभोक्ताओं को ई-हियरिंग सुविधा के संबंध में जागरूक करने हेतु ग्राम बरोंडा बाजार में एक दिवसीय उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पंचायत सभागृह में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गोपाल रंजन



पाणीग्रही ने उपस्थितजनों को ई-जागृति पोर्टल, ई-फाइलिंग एवं ई-हियरिंग की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब उपभोक्ता घर बैठे ही अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर न्याय प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं के अधिकारों और कर्तव्यों के विषय में भी विस्तार से बताया। ग्राम पंचायत बरोण्डा बाजार के सरपंच लेखराज साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक उपभोक्ता को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। आयोग की सदस्य टी. दुर्गा ज्योति एवं सदस्य गिरीश श्रीवास्तव ने उपभोक्ताओं के अधिकारों से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। आयोग के डीएमए युवराज साहू ने तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार ई-फाइलिंग प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ता अपने घर से ही शिकायत दर्ज कर सकते हैं और न्यायालय से जुड़ सकते हैं। ग्रामीण महिलाओं ने उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित जानकारी में रुचि दिखाई।

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए खेल आवश्यक, कबड्डी का आयोजन सराहनीय: निखिल

**महासमुंद।** पटेवा क्षेत्र के ग्राम बनपचरी में जय मौली माता कबड्डी समिति के तत्वावधान में कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू शामिल हुए। विशेष अतिथि युकां विस क्षेत्र अध्यक्ष सौरभ लोधी, सरपंच उषा अर्जुन सोनी, जिपं सदस्य देवकी प्रकाश धरम पटेल, रत्नेश साहू थे। इस दौरान नपाध्यक्ष साहू व अतिथियों ने पूजा-अर्चना तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर समापन मैच का शुभारंभ किया। इससे पूर्व आयोजन समिति के सदस्यों व ग्रामीणों द्वारा नपाध्यक्ष का फूल माला से स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम अपने स्वागत से अभिभूत नपाध्यक्ष साहू ने समस्त ग्रामीणों व आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों का आभार व्यक्त किया। पश्चात उन्होंने कहा कि पूर्वजों के जमाने से गांवों में कबड्डी खेल का प्रचलन है। आज के बच्चे खेल से ज्यादा टीवी और इंटरनेट से चिपके रहते हैं जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है। ग्रामीणों द्वारा कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया जाना एक सराहनीय कदम है। खेल हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। यहां के युवा टीम का उत्साह देखकर लग रहा है कि इस गांव में प्रत्येक आयोजन में सभी की बराबर भागीदारी होती होगी। उन्होंने सभी से एकजुट होकर इसी प्रकार गांव में आयोजनों का संचालन उत्साह से करने अपील की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेश्वर नेताम, तेजराम ध्रुव, लोचन पटेल, देवकुमार ध्रुव, सनत मंडावी, आदि कुंभकार आदि ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसी तरह ग्राम कौंसरा(तेंदूकोना) में आयोजित छत्तीसगढ़ी लोक मंच मोर मयारू किसान कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत मनोजकांत साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन पर कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा, संस्कृति को सहेजना हम सब का दायित्व है, ऐसे आयोजनों से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को मजबूती मिलती है। बच्चे भी हमारे परंपरा से अवगत होते हैं। आज मोबाइल, इंटरनेट के कारण गाँव तथा शहरों में पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन कम हो रहा है। ऐसे में यह आयोजन इसे जीवंत बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में सरपंच धर्मेंद्र साहू, जनपद सदस्य थनेश्वरी प्रहलाद साहू, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान, पूर्व सरपंच अश्वनी वेदकुमार दीवान, साहू समाज अध्यक्ष चंदूलाल साहू, वेदकुमार दीवान, कोमल कुमार महानंद, रत्नेश साहू, प्रेमप्रकाश साहू, नूमेंद्र साहू, कोमल महानंद, डिगेश्वर साहू, खिलेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने की 23 को स्थानीय अवकाश की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन महासमुंद द्वारा जिला संयोजक टेकराम सेन के नेतृत्व में पूर्व में घोषित 21 अक्टूबर गोवर्धन पूजा के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने पर 23 अक्टूबर भाईदूज के दिन स्थानीय अवकाश की मांग कलेक्टर महासमुंद से की है। जिला संयोजक टेकराम सेन ने कलेक्टर महासमुंद को अवगत कराते हुए कहा कि दीपावली जैसे प्रमुख त्यौहार में कर्मचारी अधिकारी दूरदराज से अपने निज निवास दीवाली मनाने प्रस्थान करते हैं। पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश को छग



सरकार द्वारा सार्वजनिक घोषित किया गया है। 23 अक्टूबर भाईदूज के दिन स्थानीय अवकाश की घोषणा कर दी जाए। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बातों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर महासमुंद द्वारा उक्त दिवस को स्थानीय अवकाश घोषणा की बात कही है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से फेडरेशन की ओर से दिलीप तिवारी, उमादेवी शर्मा, सुनील साहू, सुनील मरकाम, प्रदीप साहू, दुर्गा सिन्हा, आकांक्षा साहू, मीना साहू, गरिमा साहू उपस्थित थे। सभी ने कलेक्टर महासमुंद के प्रति आभार जताया है।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत मेला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में किया गया। इस वर्ष का मुख्य विषय विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत अंतर्गत उप विषय सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती हुई प्रौद्योगिकियां, मनोरंजक गणितीय मॉडल, स्वास्थ्य और स्वक्षता, जल संरक्षण और प्रबंधन रहा। बच्चों एआई रोबोट का चलित मॉडल, आंगनबाड़ी के लिए मल्टीपर्पज हेल्थ किट का प्रदर्शन किया। जिला नोडल अधिकारी जगदीश सिन्हा ने बताया कि जिला स्तर से चयनित कुल 39 बाल वैज्ञानिकों द्वारा जोन स्तर पर 30 अक्टूबर को शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में प्रदर्शन करेंगे। राज्य समग्र शिक्षा कार्यालय के उपसंचालक डीके कौशिक, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों का हौसला बढ़ाया। निर्णायक विवेक वर्मा, निर्मल प्रधान, चमन चंद्राकर, डॉ संध्या चंद्राकर, राजेश्वर प्रसाद चंद्राकर, खेमराज साहू एवं सुबोध तिवारी द्वारा ब्लॉक स्तर से चयनित प्रदर्श, प्रोजेक्ट, सेमिनार, नाटिका का निष्पक्षता पूर्वक चयन करने विशेष सहयोग रहा है। आयोजक संस्था के नोडल अधिकारी हेमेंद्र आचार्य ने परिणाम की घोषणा की। इसमें सतत कृषि में प्रथम यासमीन यादव 11वीं होलीफेथ महासमुंद,



द्वितीय डिंपल डड़सेना 9वीं रामदर्शन पब्लिक स्कूल जंघोरा, तृतीय काम्या साहू 12वीं शाउमावि भीथीडीह, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प में प्रथम टाकेश्वर डड़सेना 12वीं सेजेस पटेवा, द्वितीय पारुल रात्रे 11 वीं कन्या शाला पिथौरा, तृतीय हर्ष पटेल 10वीं रामदर्शन पब्लिक स्कूल जंघोरा, हरित ऊर्जा में प्रथम भरत पटेल 10वीं सेजेस भंवरपुर, द्वितीय पुष्पेंद्र साहू 9वीं भीथीडीह, तृतीय वंदना पंडा 8वीं पब्लिक स्कूल जाँघोरा, उभरती हुई प्रद्योगिकियां में प्रथम सृष्टि यदु 12वीं पीएमश्री पिथौरा, द्वितीय जागृति सिन्हा 11वीं शा कन्या पिथौरा, तृतीय दुर्गेश साहू 11वीं आसी बाई गोलछा महासमुंद, मनोरंजक गणितीय माडल में प्रथम डिम्पल चंद्राकार 10वीं शाउमावि गाँजर, द्वितीय जिज्ञासा यादव 8वीं सेजेस नायपारा महासमुंद, तृतीय मोनिका साहू 10वीं रामदर्शन पब्लिक स्कूल जंघोरा, स्वास्थ्य और स्वक्षता में प्रथम प्रतिभा साहू 12वीं शाउमावि नर्रा, द्वितीय आस्था प्रधान 11वीं शा कन्या पिथौरा, तृतीय भावना बंजारा 10वीं पब्लिक स्कूल जंघोरा, जल सरंक्षण और प्रबंधन में प्रथम सतीश कुमार मन्नाडे 12वीं सेजेस अंग्रेजी पटेवा, द्वितीय जान्हवीं रात्रे 10वीं रामदर्शन पब्लिक स्कूल जंघोरा, तृतीय नीता सिन्हा 12 वीं शाउमा भीथीडीह, विज्ञान नाटिका में प्रथम नीरज ध्रुव व साथी 7वीं सेजेस नयापारा महासमुंद, चित्रलेखा सिन्हा, अवनी दीवान, प्रज्ञा साहू, तान्या चंद्राकर, गुलाम मोहम्मद, वार्य चंद्राकार, युक्ति साहू, विज्ञान सेमीनार में प्रथम यामिनी साहू 10वीं शाउमा गांजर, द्वितीय साक्षी चंद्राकार 10वीं आशी बाई गोलछा महासमुंद, 10 प्रश्न मंच में प्रथम ओजस्वी, क्षितिज 12वीं सेजेस नयापारा महासमुंद, द्वितीय हितेश, पीयूष 10वीं सेजेस बसना बसना, विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम अजय कुमार भोई व्याख्याता सेजेस बसना, द्वितीय प्रदीप बारीक व्याख्याता सेजेस भंवरपुर, व्यक्तिगत प्रोजेक्ट में प्रथम हिमांशु यादव 12वीं शाउमा खल्लारी, द्वितीय रागनी साहू 11वीं आशी बाई गोलछा महासमुंद, टीम प्रोजेक्ट में प्रथम हंसिका, खुशी 12वीं आशी बाई गोलछा महासमुंद, द्वितीय योगेश्वरी, पूजा 12वीं शाउमा देवरी रहे।

## पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में कार्यशाला एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** छग रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा "मेंटल हेल्थ एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट" तथा "राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम" थीम पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता जिला अस्पताल ने किया। उन्होंने स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर अपने विचार साझा करते हुए छात्रों को तनाव के कारणों, लक्षणों एवं इसके प्रबंधन के व्यावहारिक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मेघा रानी ताम्रकार जिला समन्वयक/काउंसलर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (कोटपा) ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं कोटपा एक्ट 2003 के तहत तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव एवं नियंत्रण के उपायों पर जागरूकता व्याख्यान प्रस्तुत किया। संस्था की प्राचार्य इंजी. चंद्रिका विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त जीवन जीने तथा तंबाकू जैसे नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। कार्यशाला के उपरांत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दो श्रेणियों मेंटल हेल्थ एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम थीम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेंटल हेल्थ कैटेगरी में प्रथम सुनील यादव, द्वितीय चेनीता, तृतीय लोकेश्वरी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम थीम में प्रथम हेमंत कुमार, द्वितीय विजय यादव, तृतीय शालिनी राजपूत रहे। कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर ने आभार व्यक्त किया।




## खबर संक्षेप

### जोगनीपाली में शरद पूर्णिमा लगा मेला

**सरायपाली।** ग्राम जोगनीपाली में परंपरा, आस्था और संस्कृति के अद्भुत संगम के रूप में इस वर्ष 58वीं शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन अत्यंत भव्य और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा संपूर्ण ग्रामवासियों की सहभागिता, विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और महिलाओं द्वारा प्रदर्शित संगठन एवं नेतृत्व क्षमता। मुख्य अतिथि विधायक चातुरी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अध्यक्षता अनीता चौधरी समाज सेविका एवं महिला नेतृत्वकर्ता ने की। मंच पर ग्राम पंचायत जोगनीपाली की सरपंच शिवकुमारी महेंद्र चौधरी, पूर्व जनपद सदस्य उर्मिला खाखा, सरपंच युगल साहू (इच्छापुर), सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी, प्रतिनिधि जयप्रकाश साहू, तथा मनोहर खाखा सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। मंच संचालन कैलाश चौहान ने किया। इस कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन ज्वाला महिला समूह की अध्यक्षा गंगा बाई एवं उनकी समर्पित टीम द्वारा किया गया। महिला समूह की सदस्याओं तारा सिदार, नीरू ददसेना, केवरा चौहान, सावित्री भोई, सुंद्रो बाई, जनकुमारी सिदार, बनकुंवर सिदार, ताजिया सिदार, निवार सिदार सहित अनेक महिलाओं ने पूरे आयोजन की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और अनुशासित ढंग से कार्यक्रम को सफल बनाया।

### शिवाजी बस्ती में मनाया गया विजयादशमी उत्सव

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महासमुंद नगर के छत्रपति वीर शिवाजी बस्ती में विजयादशमी उत्सव मनाया गया। स्वयंसेवकों ने कदमताल मिलाकर पथ संचलन किया। शिक्षक गुलाब ठाकुर के निर्देशन में महाविद्यालयीन स्वयंसेवकों द्वारा नियुद्ध (कराते) एवं दंड (लाठी) का प्रदर्शन किया गया। साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा सुभाषित, अमृत वचन, गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक एवं गायत्री परिवार के जिला प्रमुख बोधराम साहू ने की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांत सह कार्यवाह घनश्याम सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बस्ती प्रमुख मिथलेश भोयर और आभार प्रदर्शन उत्सव प्रभारी भूपेंद्र सेन ने किया।

### चित्रकला स्पर्धा में शिशु संस्कार का रहा दबदबा

**महासमुंद।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 69वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सितम्बर 2025 को एलआईसी कार्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता दो वर्गों में हुई । प्रथम वर्ग (कक्षा 1ली से 5वीं) एवं द्वितीय वर्ग (कक्षा 6वीं से 8वीं)। इसमें शिशु संस्कार केंद्र के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## गुहार : सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने में विभाग नाकाम

# परसवानी के ग्रामीणों ने की शासकीय भूमि पर लगी फसल को जब्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी



जिले के ग्राम पंचायत कांपा के आश्रित ग्राम परसवानी के ग्रामीणों द्वारा विगत तीन महीनों से शासकीय जमीन को कब्जा मुक्त करावाने के लिए प्रयासरत हैं। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट जन दर्शन में आवेदन सौप कर कब्जा मुक्त की मांग की है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को कब्जा मुक्त करने के लिए निर्देशित किया गया था। एक ओर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने का प्रयास कर रहा है।

परंतु, विभागीय उदासीनता के चलते आज तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया। बिन कार्रवाई के अभाव में शासकीय जमीन में लगाए गए फसल पकने की स्थिति में हैं, जो ग्राम के ही टेमनलाल चंद्राकर पिता स्व. बलभद्र चंद्राकर शासकीय भूमि पर अधिक्रमण कर धौंस जमाते हुए गैर कानूनी तरीके से धान की फसल की कटाई कर ले गया। जिसकी सूचना ग्रामवासियों ने तहसीलदार तुमगांव को दिया गया। परंतु, राजस्व अमला द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। शासकीय जमीन पर कब्जा और फसल कटाई करने वाले टेमनलाल चंद्राकर ग्राम पंचायत कांपा के वार्ड नं 13 का पंच भी हैं, जिन्होंने उसी जमीन पर कब्जा किया गया है, जिसमें धारा 40 के अंतर्गत उसके विरूद्ध कार्रवाई प्रक्रियाधीन हैं। सभी ग्रामवासियों द्वारा तीन माह से ग्राम के हित में शासकीय जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रयासरत है। लेकिन, शासन-प्रशासन के टालमटोल के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त हैं। सरपंच विकास चंद्राकर ने ग्रामसभा में पंचायत प्रस्ताव पारित कर अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को पंचायत प्रस्ताव सौंपकर कार्रवाई की मांग पर आश्वासन दिया था। लेकिन, नियम के तहत इस मामले में अभी तक तीन माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किया गया। जिसके चलते शासकीय भूमि का दुरुपयोग हो रहा है। इससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है। जितेंद्र कुमार चंद्राकर, नवीन चंद्राकर, तुषार चंद्राकर, दुरेंद्र चंद्राकर ने पके हुए धान के फसल जब्ती बनाने व बाकी फसल का चराई करवाने और जो नियम विरुद्ध शासकीय भूमि पर धान लगाए हुए है उन कब्जाधारी किसान का पंजीयन निरस्त करने की मांग की है।

# खल्लारी विस क्षेत्र के विकास कार्यों की वित्तीय स्वीकृति के लिए वित्त मंत्री से भेंट-मुलाकात



**खल्लारी।** प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर स्थित सहयोग केंद्र में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों की वित्तीय स्वीकृति के संबंध में सौजन्य भेंट एवं विस्तृत चर्चा की गई।

भेंट के दौरान खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे लंबित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी मंत्री को प्रदान की गई। जिसमें खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल, विद्यालय भवन, सामुदायिक भवन एवं कृषि विकास कार्यों के लिए शीघ्र वित्तीय स्वीकृति की मांग की गई। मंत्री चौधरी ने प्रस्तावों को गंभीरता से लेते हुए ग्राम खल्लारी में बैंक खुलवाने के लिए तत्काल कलेक्टर को फोन कर आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया और कहा कि सरकार जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

भेंट के दौरान भाजपा खल्लारी मंडल अध्यक्ष लोकेश पुनरिया, कोमाखान मंडल अध्यक्ष नितिन जैन, बागबाहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण पिलेश्वर पटेल, महामंत्री ताराचंद देवांगन, युवा मोर्चा हीरा साहू, हरीश जगत सरपंच एवं ओमप्रकाश ध्रुव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन से खल्लारी क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने में भाजपा संगठन सतत प्रयासरत रहेगा।



## विधायक पहुंचे मंत्री को लेकर विदाई कार्यक्रम में, परिवारजनों में खुशी

**महासमुंद।** शासकीय महाविद्यालय से सेवानिवृत्त मनोज शर्मा के परिवारजनों ने महाविद्यालय एवं परिवार जनों सहित मित्रों के लिए रविवार को मिलन समारोह के साथ प्रीतिभोज का आयोजन किया। मनोज शर्मा के छोटे भाई पूर्व पार्षद व भाजपा नेता मनीष शर्मा के आमंत्रण पर स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के साथ उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा एवं प्रदेश महामंत्री रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। भाजपा नेता पूर्व पार्षद मनीष शर्मा ने भी विधायक के साथ मंत्री एवं पूर्व विधायक के प्रति आभार जताया और सभी की उपस्थिति को परिजनों के लिए गौरवशाली क्षण बताया।

# भौतिक वस्तुओं में ही पूरा जीवन समर्पित कर देना ही जीव चेतनाः कोकड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही में भारतीय ज्ञान परंपरा के नवीनतम दर्शन, मध्यस्थ दर्शन आधारित समाधानात्मक भौतिक वाद वांग्मय के साथ बिंदु पर फोकस करते हुए शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि भौतिक वस्तुओं का संग्रह से ही मानव को सुखी नहीं मिलता, सुविधा संग्रह में ही शरीर यात्रा खपा देना भ्रमित मानव मानव की निशानी है, यही जीव चेतना है। मानव जीवन सिर्फ सुविधा संग्रह के लिए नहीं है। कोकड़िया ने बताया कि ज्ञान व्यापार की वस्तु नहीं है, ज्ञान को बताने, समझाने के लिए कथाकार पैसा लेता है, पैसा मांगता है तो वो व्यापार जैसा ही है। कथा के माध्यम से लोगों को जागरूक करना अच्छा काम है। कथा के लिए गांव के सभी व्यक्तियों को निमंत्रण दें। जाति, धर्म, अमीर-गरीब के आधार के आधार पर भेद भाव न करें। कथा के लिए आयोजित भंडारे में सबको साथ बैठाकर स्वागत भाव से भोजन करायें, इसमें भी भेदभाव न हो, तो तभी कथा सफल होता है। कथा का उद्देश्य मानवीय मूल्यों को उद्घाटन करना हो। भौतिक वाद ने अस्थिरता, अनिश्चयता को बढ़ावा दिया है। हर भौतिक वस्तु का प्रयोजन है। प्रयोजन को समझना से भौतिक वाद का उद्देश्य पूरा होता है। जैसे चप्पल का प्रयोजन पैर सुरक्षित रखना, कपड़े का प्रयोजन शरीर सुरक्षित रखना, मोबाइल का प्रयोजन संवाद करना दूर बैठे व्यक्तियों से है। खैरवार डेरा से शंकर खैरवार न परिजन, मनी पंजाबी ढाबा, कसीहीबाहरा, रायतुम आदि से सज्जन उपस्थित रहे।

## सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** संकुल केंद्र लाफिनखुर्द के अंतर्गत संकुल स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन महर्षि विद्यालय खेल परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एतराम साहू अध्यक्ष जिला स्काउट गाइड रहे। उनके साथ मंच पर पंकज चंद्राकर अध्यक्ष जिला एथलेटिक संघ, राहुल चंद्राकर अध्यक्ष हॉकी संघ, आनंद साहू उपाध्यक्ष जिला स्काउट गाइड, संकुल प्रभारी भारत साहू तथा महर्षि विद्या मंदिर की प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी एवं संकुल समन्वयक लक्ष्मीनाथ सकरिया उपस्थित थे। मुख्य अतिथि साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। बच्चे खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं। शासन भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रही है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, 100 मीटर व 400 मीटर दौड़, गोला फेंक आदि खेलों का आयोजन किया गया। परिणाम में कबड्डी (बालक वर्ग) महर्षि विद्या मंदिर प्रथम, कबड्डी (बालिका वर्ग) लाफिनखुर्द प्रथम, खो-खो (बालक एवं बालिका वर्ग) महर्षि विद्यालय प्रथम, गोला फेंक (बालक) कमलेश चक्रधारी, महर्षि विद्यालय8 प्रथम, गोला फेंक (बालिका) आयुषी ध्रुव, महर्षि विद्यालय प्रथम, लंबी कूद चांदनी साहू हाई स्कूल लाफिनखुर्द प्रथम रहे।





## उपपुलिस अधीक्षक से मुलाकात

**महासमुंद।** जिले के सिंघनगढ़ किला सिंघा धुवा में जय सिंघा धुवा सेवा समिति एवं मुख्य पुजारी एम जगत धुर्वा के सानिध्य में कुंवार नवरात्रि ज्योत जंवारा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक नवाखाई एवं भाई जूतिया का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेशभर से दर्शनार्थी पहुंचे थे। सिंघनगढ़ किला में आयोजित इस पर्व में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अपनी आस्था का इजहार किया। 13 अक्टूबर 2025 को आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद द्वारा उपपुलिस अधीक्षक एवं वनमंडलाधिकारी से मुलाकात की गई। इस दौरान आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद एवं जय सिंघा धुवा सेवा समिति ने नवरात्रि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए आभार जताया। इस दौरान आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद के संरक्षक पंकज सोरी, जिलाध्यक्ष श्रद्धा ध्रुव, उपाध्यक्ष सावित्री नेताम, मीडिया प्रभारी शशिकांत छैदेहा, संदीप मंडावी, छोटू नेताम, शेखर ध्रुव, दुर्गा नेताम, खुशी मरई, आरती पोडेटी, विधा नेताम आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट के दो मामलों में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम बेमचा और नयापारा में मारपीट की दो घटनाओं में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बेमचा के संदीप साहू ने पुलिस को बताया कि 13 अक्टूबर की रात 10:30 बजे से 11 बजे के बीच वह और लीलाधर साहू खाना खाकर टहलनेके लिए पंचायत चौक की ओर निकले थे। पंचायत चौक में नंदलाल, दादू निर्मलकर और अन्य लोग ताश खेल रहे थे जो गाली गलौज कर रहे थे। जब उन लोगों ने गाली गलौज क्यों कर रहे हो पूछा, तब नंदलाल, दादू निर्मलकर ने तुम लोग कौन होते हो हमें बोलने वाले कहकर अपने पिता श्रवण निर्मलकर को बुलाकर लाये, इसके बाद प्रार्थी व लीलाधर साहू के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट किये। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे मामले में नयापारा वार्ड 7 के अमन साहू ने पुलिस को बताया कि 01.10.25 की शाम 6 बजे वह मोटर सायकल से संतोषी मंदिर के पास गया था। मोटर सायकल को खड़ी कर संतोषी मंदिर के सामने दुर्गा माता का विसर्जन कार्यक्रम को देख रहा था. तभी मेरे मोहल्ले के खिलेश भोसले और टिकेश्वर चंद्राकर आये और जबरदस्ती धक्की-मुक्की करते हुए भवन के अंदर ले गये, वहां योगेश चंद्राकर और सचिन पटेल पहले से मौजूद थे, जो मुझे पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर गालियां देने लगे और मारपीट की। चोट लगने पर प्रार्थी को डायल 112 के माध्यम से जिला अस्पताल महासमुंद ले जाया गया।



## राज्य स्तरीय बेसबॉल में महासमुंद के 34 खिलाड़ी होंगे शामिल

**महासमुंद।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित किया गया है जिसमें 14, 17, 19 वर्ष बालक एवं बालिका 15 से 18 अक्टूबर तक संभाग रायपुर की टीम में शामिल होंगे। महासमुंद जिले के 34 छात्र-छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भोरिंग, सेजेस तुमगांव, पब्लिक स्कूल तुमगाव, नवजीवन मिशन तुमगांव, न्यू होलीफेथ स्कूल महासमुंद के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर टीम में चयन होकर जगह बनाई । संभाग टीम के प्रशिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई ने बताया कि बेसबॉल खेल का अभ्यास साल भर हाई स्कूल मैदान भोरिंग एवं तुमगांव खेल मैदान में होता है जिसमें आसपास ग्रामीण एवं नगर पंचायत तुमगांव के बच्चे बेसबॉल की बारीकियां सीखने पहुंचते हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग दल में जिले से डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग, जगदीश धीवर न्यू होली फेथ स्कूल महासमुंद, डोलेश होता सेजेश तुमगांव, सेवन साहू भोरिंग, कमला मांझी बालक बालिका के प्रशिक्षक एवं मैनेजर के रूप में शामिल हैं।

## परिक्षेत्र साहू संघ बड़ेसाजापाली का चुनाव में जन्मजय टीम की हुई

# अनिरुद्ध परिक्षेत्र अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बने रामकली साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर






छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ पंजीयन क्र 33/61 से संबद्ध राज्य भर में समस्त जिलों, तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण स्तर पर सामाजिक चुनाव प्रक्रिया शांति एवं सोहाद्रपूर्ण से भाईचारे के साथ चुनाव प्रक्रिया जारी है। महासमुंद जिले के बसना तहसील अंतर्गत निर्णायक चुनाव बड़ेसाजापाली साहू बहुल परिक्षेत्र में 14 अक्टूबर मंगलवार को चुनाव में अनिरुद्ध साहू (मुकुंदा) सलखंड परिक्षेत्र अध्यक्ष चुने गए। पुरुष उपाध्यक्ष पद पर रामकली साहू बूटीपाली, पुरुष संघठन सचिव मायाराम साहू, बमहनीडीह परिक्षेत्र महिला उपाध्यक्ष देवती, विद्याधर साहू ललितपुर तथा महिला संघठन सचिव प्रत्याशी सुशीला मनीराम साहू बड़ेसाजापाली बने। संरक्षक जन्मजय साव ने कहा कि वे साहू समाज की एकता, शिक्षा, और समाजिक उत्थानऔर एकजुटता के लिए आगे काम करेंगे। उन्होंने कर्मा माता जयंती, विभिन्न आयोजन कर महिलाओं और युवाओं को संघठन में जोड़ने और समाज को मजबूत बाने पर जोर दिया। बड़ेसाजापाली परिक्षेत्र में मतगणना की घोषणा होते ही जीते हुए पदाधिकारियों के ख़ुशी में साहूजनों द्वारा दिवाली जैसे उत्स्व मनाया मिठाइयां बाटी गई, आतिशबाजी की एवं एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई देकर झूमने लगे तो पुरुषोत्तमपुर मतदान स्थल से बड़ेसाजापाली साहू भवन तक जश्न में युवाओं नें बाइक रैली निकाल कर तेली समाज के आराध्य देवी कर्मा मैया के जयकारे लगाते हुए अपनी ख़ुशी जाहिर की और कर्मा माता की तेल चित्र ओर आरती कर भोग प्रसादी का वितरण किए। इस अवसर पर केशव साव, जन्मजय साव, शंकर लाल साव, उमेश साव, त्रिलोचन साव, नवीन कुमार साव, कमलेश साव, राधेश्याम साहू, मोहन साव, अर्जुन साव, प्रकाश साहू, पुरुषोत्तम साहू, हेमचंद्र साव, नोहर लाल साहू, कृष्णा साहू, माधव साव, रूपानंद साव, देवानंद साव, प्रेमचंद साव, चंद्रमणी साव, दुलोचन साव, मोंगरा वेदकुमार साव आदि मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विकास को मिला प्राइड ऑफ टीचर अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



विश्वभाषा के प्रथम महाकाव्य रामायण के रचयिता एवं भारतीय संस्कृति के आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती पर गोंडवाना भवन में एक भव्य प्रादेशिक सत्संग, प्रबोधन एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में साहित्य, शिक्षा, समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अनेक विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विकास कुमार व्याख्याता शाउमावि तोरेसिंहा को उनके उत्कृष्ट कार्य और समाज के प्रति योगदान के लिए प्राइड ऑफ टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ राज्य एवं साप्ताहिक छत्तीसगढ़ साथी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुंदर दास मानिकपुरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (राष्ट्रीय पनिका समाज विकास परिषद नई दिल्ली), अध्यक्षता सुशीला देवी प्रांतीय संरक्षक (समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य), विशिष्ट अतिथि टोमिन बाई निषाद (प्रसिद्ध पंडवानी लोक गायिका), जेआर बंजारे प्रांताध्यक्ष (समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य) रहे। राज्यभर से आए कवि, साहित्यकार, शिक्षक एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्य एवं स्थानीय स्तर के अनेक पुरस्कार भी वितरित किए गए। विकास को अवार्ड मिलने पर स्टाफ, शाला विकास समिति, पालक समिति एवं किशन लाल निषाद, शिक्षक लक्ष्मीधर प्रधान और सुशील प्रधान आदि ने हर्ष जताया है।

**खबर संक्षेप**



### चिरको महाविद्यालय में निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वीप प्रकोष्ठ एवं यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में जिला निर्वाचन अधिकारी व प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर के मार्गदर्शन में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को मोबाईल एप के माध्यम से ऑनलाइन मतदाता फ़ार्म 6 ,7, 8 भरकर मतदाता रजिस्ट्रेशन, डिलीशन एवं शिफ्टिंग करने के विषय में जानकारी दी गई। 01 से 15 अक्टूबर तक संपन्न होने वाले स्वीप गतिविधियों का फोटो, विडियो ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक पर अपलोड करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इस संबंध में लोगों को भी जागरूक करने ग्राम चिरको में रैली का आयोजन किया गया। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा ने 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई व 1 अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अनिवार्यतः पंजीयन कराने की अपील की तथा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस कार्यक्रम अधिकारी लता भोई, सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव, अतिथि व्याख्याता राखी यदु, दीक्षा गजेंद्र, डॉ सुनीता साकेत, महेश प्रधान, कार्यालय सहायक ऋषि वर्मा, सविता पटेल, स्वीप कैंपस एंबेसेडर खूबचंद पटेल, रोशनी सेन एवं अन्य महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं ने लिया हिस्सा

**महासमुंद।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा तीन दिवसीय जिला स्तरीय रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर सिरपुर में आयोजित किया गया। इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी के छात्राओं ने प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन एवं सहायक शिक्षक मौसमी चंद्राकर के सहयोग से सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र रेडक्रॉस के जूनियर्स को विद्यालय में सम्मान सहित वितरित किया गया। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में व्याख्याता रवि प्रकाश पात्रे के मार्गदर्शन एवं पुष्कर वर्मा के सहयोग से छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता प्रोजेक्ट निर्माण एवं प्रश्न मंच में दिया, इनका भी प्रमाण पत्र के द्वारा सम्मान किया गया। उपरोक्त दोनों कार्यक्रम व्याख्याता परस राम सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। सम्मान कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव, रेडक्रॉस जूनियर पुष्पा जांगड़े, टिवंकल महिलांग, मंदाकिनी श्रीवास, तारिणी, पूजा यादव, आरती निषाद, मंजू चतुर्वेदी, अनामिका यादव, विज्ञान प्रदर्शनी में पूजा साहू, योगेश्वरी साहू, धनेश्वरी सेन, गायत्री साहू सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कन्या स्कूल के 4 बाल वैज्ञानिक का चयन जिला से जोन स्तर पर हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में हुआ। जिसमें कन्या विद्यालय पिथौरा के प्रॉजेक्ट एवं मॉडल का चयन जोन लेवल के लिए हुआ है। जिसमें होम ऑटोमेशन बना सबके लिए आकर्षक का बिंदु जिसे अटल टिंकरिग लैब प्रभारी कन्या विद्यालय पिथौरा के प्राचार्य आशाराम बरिहा एवं भौतिकी विभाग के व्याख्याता जीएम साहू के मार्गदर्शन में तैयार किया गया और बाल वैज्ञानिक जागृति सिन्हा ने इसमें द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महासमुंद जिले के विभिन्न विद्यालयों की बाल वैज्ञानिकों कक्षा 8वीं आठवीं से 12वीं तक के लगभग 100 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लेकर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा एवं वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विज्ञान विषय की समझ को विकसित करना, नवाचार प्रयोग करना और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा इसके अंतर्गत जो साथ कथानक रखे गए थे, जिसमें विद्यार्थियों ने सतत कृषि अपशिष्ट प्रबंधन प्लास्टिक के विकल्प हरित ऊर्जा उभरती हुई प्रौद्योगिकी मनोरंजन गणितीय मॉडल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जल संरक्षण नवीन तकनीकी आदि विषयों पर वैज्ञानिक मॉडल एवं आकर्षक प्रोजेक्ट बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। अक्टूबर माह में ही जोन स्तर पर विज्ञान मेला के आयोजन जाने के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिथौरा के अटल टिंकरिंग लैब के 4 छात्राओं का चयन जिला स्तर पर हुआ है। अटल टिंकरिंक लैब के प्रभारी गुणमणि साहू, सहयोगी शिक्षक विजय सिन्हा एवं गोपेश कुमार डड़सेना के नेतृत्व में उनकी टीम तथा बाल वैज्ञानिक जागृति सिन्हा, लोकेश्वरी साहू, पारुल रात्रे, आस्था प्रधान ने अनेक वैज्ञानिक क्षेत्र में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने महासमुंद जिले का नाम रौशन किया है। अटल प्रभारी गुणमणि साहू ने कहा कि बच्चों को विज्ञान से जोड़ने के लिए अनेक प्रकार के समस्या समाधान पर फोकस करना और नवाचार को बढ़ावा देना महत्पूर्ण बताया है। साथ ही जीवन में आने वाले हर परिस्थिति का सामना कर अपने लक्ष्य प्राप्त करना बताया है। अंत में जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे द्वारा बच्चों को विज्ञान की महत्ता बताकर प्रेरित किया। प्रमाण पत्र और स्मृति सभी प्रथम, द्वितीय ,तृतीय आने वाले साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों, मार्गदर्शक शिक्षकों को दिया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक जगदीश सिन्हा, विवेक वर्मा, अजय भोई मौजूद रहे।

### जिले में 14 हजार 788 श्रमिकों को 4 करोड़ 68 लाख से अधिक की राशि वितरित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक परिवार को सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा निरंतर शिविर, पंजीयन एवं जागरुकता गतिविधियों के माध्यम से योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्रों तक पहुंचाया जा रहा है। पंजीकृत मजदूरों को शिक्षा, स्वास्थ्य, औजार सहायता, मातृत्व लाभ, मृत्यु सहायता एवं आवास जैसी अनेक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में श्रम कल्याण मंडल द्वारा डीबीटी के माध्यम से श्रमिकों के खातों में सीधे सहायता राशि प्रदान की गई है। ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लाभ समय पर मिले। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि विगत 17 सितम्बर एवं 3 अक्टूबर 2025 को डीबीटी के माध्यम से 14 हजार 788 श्रमिकों के खाते में 4 करोड़ 68 लाख 690 रुपए की राशि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा अंतरित की गई।

# कबड्डी स्पर्धा के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को उभरने का मिलता है मौका : अमर

## कबड्डी स्पर्धा के समापन व सुआ नृत्य स्पर्धा में शामिल हुए पूर्व जिपं सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम रायकेरा में रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह एवं ग्राम भोरिंग में आयोजित सुआ नृत्य कार्यक्रम के शुभारंभ में जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने ग्राम के देवी-देवताओं की पूजा कर दोनों स्थानों पर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।

इस दौरान रायकेरा के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमर ने कहा कि सिरपुर क्षेत्र में कबड्डी काफी लोकप्रिय खेल है। प्रायः-प्रायः क्षेत्र के सभी ग्रामों में कबड्डी स्पर्धा का आयोजन होता ही है। कबड्डी के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है। ऐसे में क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने, उन्हें बेहतर मंच देने एक कबड्डी स्टेडियम की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से आव्हान किया कि आप सभी साथ देंगे तो क्षेत्र में कबड्डी स्टेडियम की मांग को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन करने तथा खेल भावना से खेलने की अपील की। इसी प्रकार भोरिंग में आयोजित सुआ नृत्य स्पर्धा के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अमर अरूण ने कहा कि सुवा नृत्य छत्तीसगढ़ की पारंपरिक धरोहर है। ऐसे में ग्राम भोरिंग में सुआ नृत्य स्पर्धा आयोजित कर इस धरोहर को सहेजने का काम यहां के ग्रामीणों ने किया है। इस अवसर पर विशेष अतिथि पवन साहू सरपंच मरौद, निहाल सोनकर सरपंच सिरपुर, दसरी दौलत ध्रुव जनपद सदस्य, ईश्वरी पटेल उप सरपंच, खोलबाहरा ध्रुव, चोवाराम ध्रुव, समस्त पंचों सहित सदस्य कुंजराम यादव, टीकाराम ध्रुव, मिलाप राम ध्रुव, बोधीराम ध्रुव, अध्यक्ष जावेद खान, सचिव टिकेश्वर ध्रुव, उपाध्यक्ष नीलकंठ यादव, मंच संचालक पंचराम ध्रुव, कोषाध्यक्ष सरजू ध्रुव, डामेश्वर पुरी गोस्वामी, शंकर ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, मदनलाल वर्मा, रमेश नेताम, स्कोरर सेवक ध्रुव, विष्णु यादव, लखन यादव, संतराम साहू उप सरपंच अछोली, भोरिंग में तरूण कुमार, भेखराम, ओपेश, छगन, घनश्याम, रूपेश, देवेंद्र, भुवन, अभिनव, नकुल, थानुराम, लेखराम उप सरपंच, दुर्गा समिति सदस्य भूषण साहू, वेदप्रकाश साहू पंच, अभिषेक पंच, तरूण साहू पंच प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर माता कर्मा कालेज में हुई पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एसबी कुमार के मार्गदर्शन में जागरुकता शिविर, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता रामगोपाल खुटे मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम काउंसलर ने अपने वक्तव्य में आज के दैनिक जीवन में युवाओं के मध्य बढ़ते तनाव के प्रमुख कारण, लक्षणों एवं निदान के संबध में जानकारी दी। जिसमें मानसिक विकार, आत्महत्या, हिंसक प्रवृति आदि पर चर्चा की गई। साथ ही कैसे परिवार और समाज की पहल से इन भटके युवाओं को वापस समाज से जोड़ा जा सके पर चर्चा की गई। हरिशंकर साहू हेल्थ एजुकेटर ने कहा कि आज सोशल मीडिया के प्रभाव में युवा वर्तमान समय के स्थान पर आभासी दुनिया में जीवन जीने लगे हैं, जिससे उनमें आपसी तालमेल, समझ, उदारता जैसे गुण सिख नही हो पा रहा। साथ ही उत्कंठा, गुस्सा जलन जैसी नकारात्मकता बढ़ रही है, जो धीरे धीरे मनोरोग की शक्ल ले लेती है। इससे बचने के लिए युवा अपना स्क्रीन टाइम नियंत्रित करना चाहिए। साथ ही घर के छोटे बच्चों और किशोरों के लिए पेरेन्ट्रल कंट्रोल जैसे उपायों क अपनाना जरूरी हो गया है। कार्यक्रम की तृतीय वक्ता कविता चंद्राकर राष्ट्रीय कशोर स्वास्थय कार्यक्रम काउंसलर ने किशोरवय बालिकाओं के शारीरिक बदलावों के साथ में मानसिक स्थिति एवं भार पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंतिम वक्ता के रूप में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (कोटपा) की जिला समन्वयक व काऊसलर मेघना ताम्रकर ने युवाओं के मध्य नशीली पदार्थों के सेवन के प्रकार उसके परिणामों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल एक व्यक्ति बल्कि उसके परिवार एवं समाज दोनों को क्षति पहुंचाता है, इसलिए आवश्यक है कि समाज और परिवार की मदद से ही ऐसे लोगों को पुर्नवास संभव है। कार्यक्रम का संचालन यूथ रेड क्रास की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर स्वेतलाना नागल ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ सरस्वती वर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। महाविधालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में रंगोली समूह स्तर पर बीएस सी तृतीय सेमेस्टर काव्य कुर्रे, डाली साहू, मधु महती, प्रियंका राव एवं ईशा साहू, द्वितीय पुरस्कार बी कॉम तृतीय वर्ष रितु दीवान, डिगेश्वरी पटेल, जागृति साहू, विनिता साहू, प्रिति साहू, तृतीय पुरस्कार बीए तृतीय सेमेस्टर नम्रता सेन, सीमा यादव, मोंगरा निषाद, हिमांशी यादव, नीलम ध्रुव रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कर प्रगति कोसरिया बीएससी, द्वितीय ज्योति चंद्राकर बीएससी, तृतीय योगेश्वरी साहू एमएसडब्लू को प्रदान किया गया।

# इंटैक राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वृंदावन विद्यालय की टीम अव्वल रही

**महासमुंद।** विरासत शिक्षा एवं संचार सेवायें इंटैक नई दिल्ली के निर्देशन एवं छत्तीसगढ़ राज्य अध्याय के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 12 अक्टूबर को रायपुर कंकालीपारा स्थित आनंद समाज वाचनालय के सभागार में हुई। जिसमें स्थानीय वृंदावन विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय के साथ नगर को गौरवान्वित किया है।

विदित हो कि विगत 25 जुलाई को इंटैक महासमुंद अध्याय द्वारा नवकिरण अकादमी के अध्यापन कक्ष में अध्याय स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें नगर स्थित 11 विद्यालयों के 110 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें वृंदावन विद्यालय के अमन यादव व नमन साहू की टीम ने पहला स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अपना स्थान बनाया था। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से 8 अध्यायों की टीम शामिल हुई। जिसमें इंटैक महासमुंद अध्याय की ओर से वृंदावन विद्यालय की टीम अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर आगामी दिसंबर माह में नई दिल्ली में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मुकम्मल मुकाम हासिल किया। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पंडित रविशंकर विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. शिवकुमार पाण्डेय, अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, राज्य के प्रोफेसर डॉ. लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा थे। इस उपलब्धि पर विजित टीम को महासमुंद अध्याय के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर, सह-संयोजक बन्धु राजेश्वर खरे एवं अध्याय के सभी सदस्यगण, सराईपाली के संयोजक यशवंत चौधरी व वृंदावन विद्यालय के संरक्षक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, प्राचार्या इंदु मिश्रा, शिक्षक होमेश साहू, शिक्षिका अमृता चंद्राकर, रेखा



संयोजक अरविन्द मिश्र ने प्रमाण-पत्र व विरासत ज्ञान संबंधी पुस्तिका प्रदान कर छात्रद्वय अमन यादव, नमन साहू व प्रभारी शिक्षक प्रवीण साहू को सम्मानित किया। प्रश्नोत्तरी का संचालन डॉ. शिवी जोशी, सूत्र संचालन डॉ. राकेश तिवारी ने किया। निर्णायक दुर्गा महाविद्यालय साहू, जागृति साहू, दीपशिखा गायकवाड़, नीरू मांझी, प्रभारी शिक्षिका सुषमा साहू एवं वृंदावन विद्यालय के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में फतह हासिल कर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में छग राज्य का परचम लहराने प्रेरित किया।

### राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में गीता का चयन, विद्यालय व क्षेत्र का नाम किया गौरवान्वित

**महासमुंद।** विकासखंड बागबाहरा के छोटे से ग्राम स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरटखुर्द के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से सफलता निश्चित है। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय के तीन होनहार विद्यार्थियों ने भाग लेकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम पूरे राज्य में रोशन किया। विद्यालय की कक्षा 7वीं की छात्रा देवकुमारी ने लॉन्ग जंप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं कक्षा 8वीं के छात्र हुमेश चतुर्वेदी ने तवा फेंक स्पर्धा में भाग लेकर विद्यालय के गौरव में नया अध्याय जोड़ा। हायर सेकेण्डरी स्कूल की कक्षा 12वीं (विज्ञान संकाय) की प्रतिभाशाली छात्रा गीता ओगरे पिता गनेशु राम ओगरे ने क्रिकेट प्रतियोगिता में अपनी में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कर दिया। उनके अद्भुत प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता के आधार पर उनका चयन अब 25वीं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। भगत दास शिक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# आशीबाई स्कूल के 172 छात्राओं को बांटी गई साइकिल

## साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर सिन्हा



**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमीं में अध्ययनरत कुल 172 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे। अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू, नीलम दीवान, रितेश गोलछा, पूर्व पार्षद मीना वर्मा, दिनेश रूपरेला, प्रकाश शर्मा, गोविंद ठाकुर, हनीश बग्गा, महेन्द्र सिक्का उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन के माध्यम से विधायक ने छात्राओं से कहा कि जीवन में शिक्षा ही सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान बनकर देश और समाज की सेवा करना है। वहीं अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संदीप दीवान ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छात्राओं को निःशुल्क सायकल प्रदान किया जा रहा है। बालिकाओं को स्कूल आने में सुविधा होगी तथा उनका समय बचेगा।

इसके पहले मंचीय कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य जीआर सिन्हा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन सायकल वितरण प्रभारी तुलसी राम साहू ने किया। इस अवसर पर आकाश पांडे, शरद राव, कुशल साहू, अजय चोपड़ा, नंदू जलक्षत्री, रोशन बग्गा अनिकेत पांडे सहित नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा शाला के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### संघ की 100 वर्षों की यात्रा, पिरदा में गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर खंड पिथौरा के पिरदा मंडल में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन हुआ। संचलन सरस्वती शिशु मंदिर पिरदा से प्रारंभ होकर ग्राम की प्रमुख गलियों से होते हुए शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा तक हुआ। ग्रामवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का आत्मीय स्वागत किया। संचलन उपरांत शासकीय नवीन महाविद्यालय परिसर में बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि साखाराम चौधरी (गोपाल गौशाला संचालक जोगीदादर), मुख्य वक्ता ठाकुर राम यादव (विभाग प्रचारक, राजिम विभाग) एवं खंड कार्यवाह प्रेमसागर साहू मंचासीन थे। मुख्य अतिथि साखाराम चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में राष्ट्रोत्थान हेतु अकल्पनीय कार्य किए हैं। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर समाज को एक सूत्र में पिरोने में संघ का योगदान अविस्मरणीय है। मुख्य वक्ता ठाकुर राम यादव ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में विजयादशमी के पावन दिन कुछ युवाओं के साथ जिस संगठन का बीज बोया, वह आज वटवृक्ष बनकर विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन के रूप में खड़ा है। उनका लक्ष्य केवल संगठन बनाना नहीं था, बल्कि समाज में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और आत्मगौरव की भावना जगाना था। उन्होंने यह दृढ़ विश्वास व्यक्त किया था कि जब समाज संगठित होगा, तभी राष्ट्र सशक्त और स्वतंत्र होगा। उन्होंने आगे कहा कि आज संघ का कार्य देश के कोने-कोने में फैल चुका है।

### जन चौपाल में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**महासमुंद।** जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में आमजन से सीधे संवाद करते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने न सिर्फ 87 आवेदनों को गंभीरता से सुना, बल्कि विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक मामले में त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जन चौपाल में नयापारा महासमुंद निवासी दिव्यांग प्रकाश चौहान द्वारा ट्राई साइकिल की मांग की गई थी। जन चौपाल में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के हाथों प्रकाश चौहान को ट्राई साइकिल मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर उप संचालक संगीता सिंह मौजूद थी। इसी तरह जन चौपाल में ग्राम भीथीडीह पिथौरा निवासी पार्वती ध्रुव ने पीएम आवास योजना के अंतर्गत निर्माण की स्वीकृति हेतु, ग्राम बरभांटा झलप निवासी रविंद्र कुमार ने सिंचित भूमि को असिंचित करने, ग्राम पीढ़ी महासमुंद निवासी जगीना निषाद ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण की राशि के लिए, ग्राम जम्हर पिथौरा के ग्रामवासियों ने धान उपार्जन खरीदी केंद्र खोलने हेतु, ग्राम तोरेसिंहा सरायपाली निवासी सज्या भोई ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम झारा महासमुंद निवासी दशरी बाई दीवान ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि की लंबित राशि के लिए आवेदन किया। इसके अलावा पीएम आवास की राशि भुगतान, धान पंजीयन रकबा संशोधन, अवैध अतिक्रमण, सीमांकन, वन अधिकार पट्टा, किसान पंजीयन संबंधी समस्या, श्रमिक पंजीयन कार्ड संबंधी आवेदन किया गया।

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया पौधरोपण

**महासमुंद।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान के अंतर्गत गुरुवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लभराखुर्द में जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वायपी ध्रुव शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र कुमार साहू, प्रशिक्षण अधिकारी एचएल वर्मा, प्रशिक्षण अधिकारी बदरूद्दीन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि वायपी ध्रुव ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने और दूसरो को भी प्रेरित प्रेरित करने कहा। भूपेंद्र कुमार साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने वृक्षों के महत्ता, पर्यावरण संतुलन तथा हरियाली के संदेश को अपने चित्रों व नारों के माध्यम से सुंदरता से प्रस्तुत किया। मेरा युवा भारत महासमुंद से अशोक चक्रधारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरुकता के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। साथ ही पेंटिंग, रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम छम्मन साहू, द्वितीय विद्या पटेल, तृतीय चंद्रहास, स्लोगन में प्रथम दुलेशवर, द्वितीय लिलेश दीवान, तृतीय देवेश एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम सर्वेयर ट्रेड जूनियर ग्रुप, द्वितीय आईसीटीएसएम ट्रेड जूनियर ग्रुप एवं तृतीय फिटर ट्रेड जूनियर ग्रुप रहे। विजेताओं को प्रमाण पत्र, मोमेंटो प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी प्रशांत सिन्हा, गजानंद साहू, तुकाराम चौहान, नागेंद्र, भुवन एवं हॉस्टल अधीक्षक कृतेश चंद्राकर, मेरा युवा भारत से अशोक चक्रधारी, राजेश, रमेश एवं आईटीआई के प्रशिक्षणार्थीगण मौजूद रहे।

### खल्लारी विधानसभा सभा के बूथ लेवल एजेंट का प्रशिक्षण हुआ

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग सीईओ छत्तीसगढ़ रायपुर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी महासमुंद के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के मार्गदर्शन में खल्लारी विधानसभा सभा के बूथ लेवल एजेंट का प्रशिक्षण जनपद पंचायत बागबाहरा के सभा कक्ष में रखा गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर खल्लारी विधानसभा सभा द्वारा बूथ लेवल एजेंट्स को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बूथ लेवल अधिकारी के कार्य, बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति उनके कार्य एवं दायित्व, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम एवं उनके अंतर्गत आने वाले धारा, फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में नाम पंजीयन कराने अहर्ता तिथियां, निर्वाचक नामावली में नाम पंजीकृत करने के फॉर्म, नाम हटाने फॉर्म्स, नाम सुधारने, जगह स्थानांतरित करने, ईपिक कार्ड मांग, दिव्यांगजन का चिन्हांकन, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारी द्वारा होम टू होम सर्वे, बूथ लेवल एजेंट्स द्वारा बूथ लेवल अधिकारी को बीएलए नियुक्ति पत्र सौंपना, बूथ लेवल एजेंट्स द्वारा बूथ लेवल अधिकारी को मृत मतदाताओं की सूची एवं भरे हुए फॉर्म 7 दस्तावेज सहित उपलब्ध कराना, अधिकतम 10 फॉर्म एक बार में जमा किया जाना, पुनरीक्षण के दौरान अधिकतम 30 फॉर्म जमा किये जाने संबंधित जानकारी आदि शामिल थे। प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बागबाहरा द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों बूथ लेवल एजेंट्स को गहन पुनरीक्षण के समय बूथ लेवल अधिकारियों के साथ कार्य कर एक स्वस्थ फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली बनाने में सहभागिता देने की अपील की गई। प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स के साथ तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बागबाहरा, निर्वाचन शाखा प्रभारी, मास्टर ट्रैनर्स एवं निर्वाचन स्टॉफ उपस्थित रहे।

### बेलसोंडा हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 के लिए बनाएंगे प्रोजेक्ट

**महासमुंद।** नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में छात्रों की सृजनशीलता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 कार्यक्रम में महासमुंद जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा की दो छात्राओं का चयन जिले से संवाद के लिए हुआ। यह कार्यक्रम देशभर में युवाओं में नवाचार, तार्किक सोच और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया गया था। इस अवसर पर सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा विभाग द्वारा देशभर के विद्यार्थियों से वर्चुअल संवाद किया गया। इस संवाद में महासमुंद जिले की दो छात्राएं कक्षा 10वीं की मेघना चंद्राकर तथा कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की अहिल्या साहू ने सहभागिता की। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान समग्र शिक्षा राज्य कार्यालय से कौशिक, उप संचालक मुक्ति बैस, रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, विद्यालय के शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इन छात्राओं द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट ऐ आई सेंसर कैमरा और लेबर स्मार्ट बैंड पर आधारित है, जो श्रमिकों के कार्यस्थलों पर सुरक्षा, निगरानी और सुविधा बढ़ाने में उपयोगी साबित होगा। यह प्रोजेक्ट आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी नवाचार, लोकल फॉर वोकल और समृद्ध भारत की थीम पर आधारित है। इस बिल्डथॉन को एक तरह की इनोवेशन मैराथन कहा जा सकता है, जिसमें देशभर के विद्यार्थी और नवप्रवर्तक किसी सामाजिक या तकनीकी समस्या के समाधान हेतु अपने विचारों को प्रोटोटाइप के रूप में प्रस्तुत करते हैं। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 23 सितंबर 2025 को हुई थी। 6 से 11 अक्टूबर तक पंजीयन की प्रक्रिया चली और 13 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रोजेक्ट जमा किए जाएंगे। नवंबर माह में इन प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन किया जाएगा तथा दिसंबर में परिणाम घोषित होंगे। देशभर से चयनित 10 हजार प्रतिभागियों को कुल एक करोड़ रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अधिकारियों ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचार कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुसंधान, तकनीकी ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में एपीसी संपा बोस, शोभा सिंहदेव, प्राचार्य, जगदीश सिन्हा, नोडल अधिकारी, सुबोध तिवारी, मिथलेश सिंह सहित शाला विकास समिति के सदस्य उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाई गई कलाम की जयंती

**खरोरा।** ग्राम खरोरा में भारत देश के महान वैज्ञानिक और देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भूषण चंद्राकर ने कहा कि अब्दुल कलाम ने भारत देश के करोड़ों युवाओं के प्रेरणा देश के प्रति एक महत्वपूर्ण योगदान निभाई गई। कार्यक्रम में मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### डूबान क्षेत्र, वन अधिकार पट्टाधारी किसानों के लिए पंजीयन अनिवार्य नहीं

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य शासन के निर्णयानुसार कृषि विभाग एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के समन्वय से किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। शासन द्वारा जारी आदेश अनुसार सभी जिलों के कृषक, जो समर्थन मूल्य पर धान बेचने के पात्र हैं, उन्हें निर्धारित समयावधि में पंजीयन कराना आवश्यक होगा। शासन ने निर्देश दिए हैं कि वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले सभी कृषक अपने भू-अधिकार पत्र, बैंक खाता विवरण और आधार संख्या के साथ एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकरण सुनिश्चित करें। यह पंजीयन विकसित ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से की जा रही है।

**गड़बड़ी : गढ़फुलझर में भ्रष्टाचार पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई**

# सिर्फ 2 घंटे 15 मिनट में क्लोज की गई निविदा, जांच के बाद हुआ निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन की घोषणा के तहत ग्राम गढ़फुलझर में सर्व समाज के लिए स्वीकृत मंगल भवन निर्माण कार्य में हुई अनियमितताओं पर आखिरकार प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। लगभग 43.65 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस मंगल भवन की निविदा प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की शिकायत शासन स्तर तक पहुंची थी, जिसके बाद कलेक्टर महासमुंद ने समूची प्रक्रिया का ब्यौरा लेते हुए निविदा को निरस्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम गढ़फुलझर के सर्वजन समाज मंगल भवन के निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी, लेकिन




**भवन निर्माण की निविदा प्रक्रिया पर उठे सवाल**
**भवन निर्माण की निविदा निरस्त करने और अफसरों पर कार्रवाई की मांग**

आश्चर्यजनक रूप से निविदा सिर्फ 2 घंटे 15 मिनट के भीतर ही क्लोज कर दी गई। आरोप है कि यह प्रक्रिया एक चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जल्दबाजी में पूरी की गई, जिससे पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठे। शासन स्तर पर इस मामले में भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच में पाया गया कि निविदा जारी करने से लेकर क्लोज करने तक की प्रक्रिया निर्धारित समय और नियमों के विपरीत थी। कई अन्य पात्र ठेकेदारों को आवेदन का अवसर तक नहीं मिल पाया। कलेक्टर ने इस पर संज्ञान लेते हुए विस्तृत जांच कराई और निर्माण एजेंसी से आवश्यक दस्तावेजों का ब्यौरा मांगा। तथ्यों के सामने आने पर निविदा को रद्द करते हुए नई प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस कार्रवाई से स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि शासन अब विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रति गंभीर है। वहीं ग्रामीणों ने भी कलेक्टर के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई से ही निष्पक्ष विकास संभव है। ग्राम गढ़फुलझर में यह घटना इस बात का उदाहरण बन गई है कि शासन की घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के साथ-साथ पारदर्शिता बनाए रखना भी कितना आवश्यक है।

## अमेरा में भालू का विचरण ग्रामीणों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

कोमाखान वन मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत उखरा के आश्रित ग्राम अमेरा में भालू की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इसका वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। गांव के पूर्व सरपंच नवनीत नाग ने बताया कि विगत एक माह से भालू को रात्रि में गांव के गली मोहल्ले में विचरण करते देखा गया है। वन्य जीवों के गांव की ओर आने का कोई पहला मामला नहीं है। एक माह पूर्व अमेरा में अलसुबह एक वृद्ध महिला के ऊपर पीछे से हमला कर दिया था। जिससे महिला पूरी तरह से घायल हो गई थी। प्राथमिक उपचार के लिए बागबाहरा ले जाया गया था। जानकारी के मुताबिक एक किराना दुकान में रखे गुड़ को भालू ने चट कर दिया था। सुबह होते ही ग्रामीणों के शोर मचाने से भालू खेत की ओर भाग गए। इसी तरह कोमाखान, बिड़ोरा, बटोरा, कुलिया गांवों में भालू विचरण से लोगों में डर का माहौल है।

## सोनासिल्ली में कबड्डी स्पर्धा, मुकेश हुए शरीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा(ग्रामीण)



ग्राम सोनासिल्ली में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि जीतराम यादव ने की। विशिष्ट अतिथियों में भारत दीवान (ग्राम प्रमुख), लक्ष्मण यादव, पवन साहू (घोच सरपंच), युगल किशोर यादव, यशवंत यादव, नेतराम चौधरी, मूलचंद साहू, रामदयाल निषाद, राजू जांगड़े और डागेश्वर यादव उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुकेश यादव ने कहा कि खेलकूद जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने जोर दिया कि कबड्डी जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताएं युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित और ऊर्जावान बनाए रखने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए, क्योंकि कबड्डी काफी लोकप्रिय खेल है और इसके माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि खेल से खिलाड़ियों का सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में आयोजन समिति के मिंटू ध्रुव, गरहण सेन, टेकलाल ठाकुर, देवनाथ रावत, खिलेश्वर बंजारे, दिलीप ध्रुव, परदेशी यादव, परमानंद ध्रुव, विनोद घृतलहरे, रूप लाल यादव, शोभाराम रावत का प्रमुख योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन अभय प्रताप रावत एवं आभार प्रदर्शन सरपंच प्रतिनिधि जीतराम यादव ने किया।

## राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट स्पर्धा में रायपुर संभाग के खिलाड़ियों का रहा दबदबा



**बागबाहरा।** राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर संभाग के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। बस्तर के विरुद्ध खेले गए मैच में बस्तर की टीम को 25 रन पर आल आउट कर दिया। बस्तर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। रायपुर टीम क्षेत्ररक्षण के लिए उतरी और गेंदबाजों के सामने बस्तर के बल्लेबाज विकेट में संभल ही नहीं पाए। जिसमें आयुष द्विवेदी ने 3 ओवर, बिना रन दिए 4 विकेट लिए। अभी तक का उसकी सबसे बेहतर गेंदबाजी थी। 25 रन का पीछा करने उतरी रायपुर की ओपनर जोड़ी अनमोल और हर्षित ने बिना विकेट गंवाए 3 ओवर में ही लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। दूसरा मैच दुर्ग के साथ खेला गया। जिसमें आयुष द्विवेदी ने 3 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट चटकाए और विपक्षी टीम 50 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसमें रायपुर संभाग की टीम बल्लेबाजी करने उतरी। जिसमें अनमोल और आयुष की जोड़ी ने बिना विकेट गंवाए 50 रन के लक्ष्य को प्राप्त किया और इस तरह रायपुर संभाग दुर्ग को 10 विकेट से परास्त किया। फिर मेजबान टीम बिलासपुर के साथ आयुष का प्रदर्शन भी शानदार रहा और 3 ओवर में 13 रन देकर 2 विकेट लिए और बिलासपुर की टीम 128 रन बनाए। जिस लक्ष्य का पीछा करते हुए रोमांचक मैच में रायपुर संभाग की हार हुई। आखिरी मैच सरगुजा के साथ जिसमें आयुष द्विवेदी का प्रदर्शन फिर लाजवाब रहा और उन्होंने 3 ओवर में बिना रन दिए 3 विकेट लिए। जिसमें रायपुर संभाग का कोई भी बल्लेबाज टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा नहीं सका। जिसमें रायपुर संभाग की हार हुई, लेकिन आयुष का प्रदर्शन लाजवाब रहा और 4 मैच में 12 ओवर पर 25 रन देकर 12 विकेट चटकाएं।

## सरपंच पर 15वें वित्त आयोग की राशि निजी खाते में निकालने का आरोप, जनपद सीईओ ने दिया जांच का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली (ग्रामीण)

जनपद पंचायत बसना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बूटीपाली के सरपंच रोहित कुमार साहू पर आरोप लगा है कि उन्होंने वर्ष 2025-26 की 15वीं वित्त आयोग से मिलने वाली राशि 32,850 रुपए को पंचायत के खाते की बजाय अपने निजी खाते में आहरण (निकाल) कर लिया। इस संबंध में शिकायतकर्ता शंकर लहरे ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना को लिखित आवेदन देकर मामला उठाया है और आरोप को नियम-विरुद्ध बताया है। शिकायत के साथ वित्तीय दस्तावेजों की ऑनलाइन प्रतिलिपि भी संलग्न की गई है।शिकायत में कहा गया है कि उक्त राशि किसी निर्माण या मरम्मत कार्य के नाम पर आहरित दिखाई गई। परंतु, वास्तविक उपयोग व विवरण पारदर्शी नहीं है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और त्वरित जांच कराई जाए तथा नियम विरुद्ध आहरित राशि की वसूली और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस मामले पर


साहू कृषि फार्म एवं मटेरियल सप्लायर

जनपद पंचायत बसना के सीईओ पीयूष ठाकुर ने कहा कि शिकायत मिली है। सरपंच द्वारा गलत तरीके से आहरण किया गया है, ऐसा करना गलत है। कोई भी सरपंच या सचिव अपनी फर्म बनाकर या निजी खाते के माध्यम से रकम आहरण नहीं कर सकता। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों व सार्वजनिक सुविधाओं के लिए मिलने वाली निधि का उपयोग पारदर्शी तरीके से होना चाहिए और किसी भी प्रकार की अनियमितता सहन नहीं की जाएगी। कई ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की है। प्रशासनिक कदमों के रूप में संभावित रूप से लेखा-परिक्षण (ऑडिट), धन की वसूली और आवश्यक होने पर पद-स्थगन या अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। सीईओ ने आश्वासन दिया है कि जांच निष्पक्ष होगी और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अब यह देखना बाकी है कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और प्रशासन कब तक मामले का निपटन कर पाता है। ग्रामीण विकास और पंचायत वित्त की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए स्थानीय लोगों की निगरानी और प्रशासनिक जवाबदेही पर विशेष ध्यान बरतने की आवश्यकता बनी हुई है।

### एक्सीडेंट में स्कूटी सवार घायल

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 353 मन्नू गैरेज के पास एक्सीडेंट में स्कूटी सवार घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को त्रिमूर्ति कॉलोनी निवासी सूरज मित्तल ने बताया कि 14 अक्टूबर को दोपहर करीब 2.30 बजे घर से वह एवं चाचा देवकी प्रसाद मित्तल के साथ अपने कार सीजी 06 एचडी 7111 से अपने फैक्ट्री मंगल स्टोन ग्राम बेलसोंडा काम से गये थे। वहां से करीबन दोपहर 3.30 बजे के आसपास उसके चाचा देवकी प्रसाद फैक्ट्री में रखी अपनी स्कूटी सीजी 06 जीएल 2152 से घर जाने के लिये निकले। वहीं प्रार्थी अपने दोस्त रमेश रात्रे के साथ कार से आ रहा था। उसके चाचा जब एनएच 353 रोड मन्नू गैरेज महासमुंद के पास पहुंचे थे तभी ग्राम खरोरा से महासमुंद की ओर जा रहे स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीयू 7842 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक एवं खतरनाक ढंग से चलाते हुये लाकर एक्सीडेंट कर दिया। गिरने से चाचा देवकी प्रसाद कमर, छाती, गले के पास, कंधा, दाहिना आंख के नीचे एवं सिर में चोट लगी है। जिन्हें जिला अस्पताल महासमुंद में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर करने पर रायपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।







